**34.** (A) अनुच्छेद–61 में महाभियोग की प्रक्रिया का उपबंध है। संविधान के अतिक्रमण के आधार पर महाभियोग चलाकर राष्ट्रपति को उसके पद से हटाया जा सकता है। महाभियोग का आरोप संसद के किसी भी सदन में लाया जा सकता है। उसके लिए एक संकल्प प्रस्तुत करना होगा जिस पर उस सदन की कुल सदस्य संख्या के कम-से-कम एक-चौथाई सदस्यों के हस्ताक्षर हों और उसे उस सदन की कुल सदस्य संख्या का कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित करे। दूसरा सदन भी अपनी कुल सदस्य संख्या के दो-तिहाई बहुमत से संकल्प को पारित कर दे, तो संकल्प की पारित तिथि से राष्ट्रपति को अपने पद से हटा हुआ माना जाएगा।

**35.** (C) अनुच्छेद–106 के तहत संसद सदस्यों के वेतन और भत्ते संसद द्वारा समय–समय पर संसदीय विधि द्वारा निर्धारित किये जाते हैं।

**36.** (B) भारत का मान मेरिडियन 82 डिग्री 30 पूर्व रेखांश उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के माध्यम से गुजरता है। मध्य प्रदेश में यह सिंगरौली से होकर गुजरता है।

**37.** (D) संविधान के अनुच्छेद–249 के तहत यदि राज्य सभा ने उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों में से कम-से-कम दो-तिहाई सदस्यों द्वारा घोषित कर दिया है कि यह आवश्यक है कि संसद राज्य सूची के विषयों पर राष्ट्रहित में कानून बनाये तो संसद एक वर्ष की अवधि तक राज्य सूची में कानून बना सकती है।

**38.** (D) संसद के सदनों की कार्यवाही शुरू करने के लिए उस सदन की सदस्य संख्या का 10वाँ भाग होना आवश्यक है जिसे गणपूर्ति कहते हैं। लोकसभा के लिए गणपूर्ति संख्या–55 तथा राज्यसभा के लिए गणपूर्ति संख्या–25 होगी।

**39.** (A) 'मातोश्री' नामक पुस्तक लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन द्वारा लिखित हैं। यह पुस्तक अहिल्या बाई होल्कर के जीवन पर आधारित है। अहिल्या बाई होल्कर मालवा राज्य की मराठा शासिका थीं।

**40.** (C) वित्त मंत्री ही राजनीतिक क्षेत्र से सम्बन्धित है, जबकि जिला न्यायाधीश रक्षा मंत्रालय का सचिव और पुलिस अधीक्षक भारत की विभिन्न सेवाओं में पदस्थ अधिकारी होते हैं।

**41.** (C) आल्हा–ऊदल महोबा से सम्बन्धित दो महान योद्धा थे। जिनकी वीरता का वर्णन जगनिक की रचना आल्हा खण्ड में किया गया है। जिसमें आल्हा–ऊदल की 52 लड़ाइयों का वर्णन वीर रस प्रधान काव्य के रूप में किया गया है।

**42.** (C) संस्कृत साहित्य के महान कवि कालिदास ने अपने खण्ड काव्य मेघदूतम् में कुबेर द्वारा निष्कासित गंधर्व द्वारा समगिरि पर्वत से हिमालय पर्वत तक अपनी प्रथम प्रेयसी को प्रणय संदेश भेजने के लिए मेघ को माध्यम बनाया है। साथ ही कवि ने प्रकृति के सौन्दर्य को मानवीकृत करते हुए अत्यन्त सुन्दर ढंग से वर्णन किया है। जिसमें म.प्र. के पवित्र और रमणीय प्राकृतिक स्थल अमरकंटक के सौन्दर्य का भी सुन्दर ढंग से वर्णन किया है।

**43.** (A) भारत में विश्व की सर्वाधिक जनजातियाँ निवास करती हैं। आदिवासी जनजातियाँ देश के विभिन्न अंचलों में अति पिछड़ी दशा में जीवन–यापन करती हैं। भारत में पायी जाने वाली जनजातियों में गोंड सबसे बड़ी जनजाति है। गोंड जनजाति मुख्यतः छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा व मध्य प्रदेश में निवास करती है।

**44.** (C) खेलों की दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन ''ओलम्पिक'' खेलों को माना जाता है। आधुनिक ओलम्पिक खेलों की शुरुआत 1896 ई. से एथेंस मानी जाती है। इस खेल आयोजन में प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से क्रिकेट को सम्मिलित नहीं किया जाता है। अन्य खेल इसमें शामिल किए जाते हैं।

**45.** (A) फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (FTP) इंटरनेट पर प्रयुक्त एक प्रोटोकॉल है, जिसका प्रयोग नेटवर्क से जुड़े किसी कम्प्यूटर तथा सर्वर के बीच फाइल स्थानान्तरित करने के लिए किया जाता है। मूलतः प्रोटोकॉल कुछ विशेष नियमों का समूह होता है, जिसके आधार पर FTP में फाइलों का स्थानान्तरण किया जाता है। जबकि पोस्ट ऑफिस प्रोटोकॉल (POP) एक ऐसा प्रोटोकॉल है, जो एक पर्सनल कम्प्यूटर को एक मेल सर्वर से इण्टरनेट द्वारा जोड़ता है।

**46.** (B) क्लाइंट सर्वर वह प्रोग्राम रिलेशनशिप है, जिसमें एक प्रोग्राम सर्विस या रिसोर्स के लिए दूसरे से अनुरोध करता है, जो कि माँगी गई सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर होता है जबकि पियर–टू–पियर नेटवर्क दो अथवा दो से अधिक ऐसे कम्प्यूटरों का नेटवर्क है जो आपस में कम्युनिकेशन के लिए एक जैसे प्रोग्राम का उपयोग करते हैं।

**47.** (A) MS Word-2007 में शॉर्टकट–की Ctrl + Shift + A का उपयोग वाक्य के कैपिटलाइजेशन को टॉगल करने के लिए होता है।

**48.** (C) स्टैटिक रैम (SRAM) में डाटा तब तक संचित रहता है जब तक विद्युत सप्लाई ऑन (ON) रहती है। SDRAM नॉन–वोलाटाइल मेमोरी का उदाहरण नहीं है, जबकि फ्लैश मेमोरी एक प्रकार की (सेमीकण्डक्टर) आधारित नॉन–वॉलेटाइल अर्थात् विद्युत सप्लाई बंद होने पर भी चिप में भरी सूचनाएँ संरक्षित रहती हैं।

**49.** (D) फॉर्मेट पेंटर का उपयोग टैक्स्ट या ग्राफिक्स के अनेक टुकड़ों में समान फॉर्मेटिंग त्वरित रूप से एप्लाई करने के लिए किया जाता है जैसे कि कलर, फॉन्ट स्टाइल तथा साइज तथा बॉर्डर स्टाइल।

**50.** (D) 64–बिट कम्प्यूटिंग, प्रोसेसर में शब्द के आकार का संकेतक है। इसका अर्थ है कि माइक्रोप्रोसेसर और अधिक RAM सपोर्ट करने में सक्षम है 64–बिट प्रोसेसर मशीन में गणनाएँ तेज होती हैं।

**51.** (C) MS Excel-2007 या इससे आगे वाले वर्जन में 'नेम मैनेजर' फीचर नेम्ड सेल रेंज, फंक्शन, कॉन्सटैंट या फंक्शन, फॉर्मूला में रेफरेंस के लिए टेबल क्रिएट करता है।

**52.** (A) HTML में h1 को Right Alignment में एलाइन करने के लिए <h1align= "right"> ......</h1> का उपयोग करेंगे।

**53.** (D) मानव अधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा–पत्र के अनुच्छेद–22 से 28 तक आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की विवेचना की गयी है।

**54.** (C) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा–6 में माल बेचने या सेवा करने से इंकार के लिए दण्ड का प्रावधान किया गया।

**55.** (C) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 10 के अधीन दिए गए आदेश का उल्लंघन करने वाला एक वर्ष तक कारावास एंव जुर्माना लगाया जायेगा।

**56.** (A) मानवाधिकार न्यायालय की स्थापना त्वरित विचारण के लिए की जाती है।

**57.** (C) अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 की धारा 3 के अधीन अत्याचार के अपराध में कोई भी व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं हो वो दण्डित किया जा सकता है।

**58.** (A) पृथ्वी के चारों ओर उपस्थित वायु एवं विभिन्न गैसों को वायुमण्डल कहा जाता है। वायु में मुख्यतः ऑक्सीजन, नाइट्रोजन, कार्बन डाइ-ऑक्साइड, जलवाष्प तथा बहुत सूक्ष्म मात्रा में अन्य निष्क्रिय गैसें उपस्थित रहती हैं। अतः वायुमण्डल में उपस्थित वायु भी हम पर अत्यधिक दाब डालती है, जिसे वायुमण्डलीय दाब कहते हैं।

जब आँधी आने वाली होती है, तो वायुमण्डल का दाब तुरंत घट जाता है तथा मौसम साफ व स्वच्छ होने पर दाब अधिक होता है। अतः वायुदाबमापी में पारे का अचानक गिरना आँधी की सूचना देता है तथा पारे के स्तम्भ की ऊँचाई का बढ़ना मौसम स्वच्छ रहने का संकेत देता है।

**59.** (C) 80 डेसीबल के शोर में लगातार रहना हानिकारक सिद्ध होता है। 90 डेसीबल किसी शोर को बर्दाश्त करने की अधिकतम सीमा है। यदि इतने शोर में प्रतिदिन 10 घण्टे रहा जाए तो व्यक्ति बहरा हो जाता है। 100 डेसीबल के शोर की प्रबलता सामान्यतः यंत्र कारखाने के शोर का स्तर होता है।

**60.** (A)

| **(राजकीय चिह्न)** | **(नाम)** |
|---|---|
| 1. राजकीय वृक्ष | द. बरगद (फाइकस बेंघ्यागैलेंसिस) |
| 2. राजकीय वृक्ष | स. सफेद लिली (लिलियम कैंडीडम) |
| 3. राजकीय फल | अ. आम (मैंगीफेरा इंडिका) |
| 4. राजकीय फसल | ब. सोयाबीन (ग्लाईसिन मैक्स) |

**61.** (D) द्वितीय विश्व युद्ध (शुरुआत 1 सितम्बर, 1939 को) में भारत को उसकी सहमति के बिना सम्मिलित कर लिया गया था, जिसके विरोध में भारत के समस्त कांग्रेसी मंत्रिमंडलों ने त्यागपत्र दे दिया था। मध्य प्रांत एवं बरार के कांग्रेसी मंत्रिमंडल ने 30 अक्टूबर, 1939 को द्वितीय विश्व युद्ध के विरोध में अपना त्यागपत्र दिया था।

- 14 जुलाई, 1937 को एनबी खरे के नेतृत्व में मध्य प्रांत एवं बरार के कांग्रेस मंत्रिमंडल का गठन किया गया।

**62.** (B)

| **राजधानी** | **जिला** |
|---|---|
| 1. मध्य प्रदेश की प्रशासनिक राजधानी | स. भोपाल |
| 2. मध्य प्रदेश की संस्कार राजधानी | अ. जबलपुर |
| 3. मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी | द. इंदौर |
| 4. मध्य प्रदेश की ऊर्जा राजधानी | ब. सिंगरौली |
| 5. मध्य प्रदेश की न्यायिक राजधानी | य. जबलपुर |
| 6. मध्य प्रदेश की खेल राजधानी | र. इंदौर |
| 7. मध्य प्रदेश की पर्यटन राजधानी | ल. पचमढ़ी (होशंगाबाद) |
| 8. मध्य प्रदेश की संगीत राजधानी | व. मैहर (सतना) |

**63.** (D) मध्य प्रदेश के रीवा संभाग के अन्तर्गत सिंगरौली जिले से भारतीय मानक समय रेखा (आई.एस.टी.) अथवा भारत की मध्याह्न रेखा (82°30' पूर्वी देशांतर) गुजरती है। सिंगरौली जिला 23°49' उत्तरी अक्षांश से 24°42' उत्तरी अक्षांश तथा 81°18' पूर्वी देशांतर से 82°48' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है।

- वर्ष 2008 तक सिंगरौली जिले के गठन के पूर्व सीधी जिले से भारतीय मानक समय रेखा गुजरती थी।

**64.** (A) मैकाल रेंज की अमरकंटक पहाड़ी नर्मदा और सोन नदी का उद्गम स्थल है। यह मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित है। अमरकंटक से ही नर्मदा और सोन नदी की उत्पत्ति होती है। यह कहा जाता है कि भगवान् शिव की पुत्री नर्मदा जीवनदायिनी नदी के रूप में यहाँ से निकलती है।

**65.** (C) मध्य प्रदेश के उत्तर में उपजाऊ घाटी और रोलिंग पहाड़ियों को बुंदेलखण्ड कहा जाता है। बुंदेलखण्ड मध्य भारत का एक प्राचीन क्षेत्र है। मध्य प्रदेश के उत्तर में उपजाऊ घाटी और रोलिंग पहाड़ियों से घिरा बुंदेलखण्ड क्षेत्र का विस्तार मध्य प्रदेश तथा उत्तरप्रदेश में भी है। वर्तमान भौतिक शोधों के आधार पर बुंदेलखण्ड को एक भौतिक क्षेत्र घोषित किया गया है।

**66.** (B) मध्य प्रदेश भारत का एक राज्य है। इस राज्य की सीमाएँ पाँच राज्यों की सीमाओं से मिलती हैं। ये राज्य हैं—उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात और पश्चिम में राजस्थान। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल है। वर्तमान स्थिति के अनुसार यह क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। इसका क्षेत्रफल 308252 किमी है।

**67.** (B) भारत का मान मध्याह्न 82 डिग्री 30 पूर्व रेखांश उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और आंध्र प्रदेश के मध्य से गुजरता है। मध्य प्रदेश में यह सिंगरौली से होकर गुजरता है।

**68.** (C) विन्ध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों के संधिस्थल पर मैकाल पहाड़ी पर अमरकंटक स्थित है। यह अनूपपुर जिले के अंतर्गत स्थित है। नर्मदा, सोन तथा जोहिला नदियों का उद्गम स्थल अनूपपुर है।

**69.** (B) मण्डला जिला, भारत के राज्य मध्य प्रदेश में सतपुड़ा पहाड़ियों में स्थित है। यह फूल धातु के पात्रों के लिए प्रसिद्ध है। जीवाश्म राष्ट्रीय पार्क मण्डला जिले में स्थित है।

**70.** (D) मध्य प्रदेश का 51वाँ जिला आगर मालवा है जिसे 16 अगस्त, 2013 को बनाया गया है। इसे शाजापुर जिले में से अलग करके बनाया गया है। आगर मालवा जिले में 4 तहसीलें हैं।

**71.** (A) मुरैना को मोर का स्थान भी कहा जाता है। यह जिला मध्य प्रदेश के चंबल संभाग के अंतर्गत आता है।

**72.** (D) 600 ई. पूर्व (उत्तर वैदिक काल) भारत के 16 महाजनपदों में से एक अवंती महाजनपद आधुनिक मालवा क्षेत्र में स्थित था। इस युग में उज्जैन अवंती की राजधानी थी।

**73.** (B) औरंगजेब का पूरा नाम अबुल मुजफर मुहिउद्दीन औरंगजेब आलमगीर था। इसका जन्म 3 नवम्बर 1618 और मृत्यु 3 मार्च, 1707 को हुई थी। यह भारत पर राज्य करने वाला छटा मुगल शासक था

**74.** (D) साँची भारत में बौद्ध के महान स्तूपों के लिए प्रसिद्ध है। यह भारत के मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के साँची शहर में है। यह स्थान बौद्ध धर्म का बखान करता है। साँची के स्तूप का निर्माण महान सम्राट अशोक ने कराया था। यह एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भी है, यहाँ कई प्रकार की बौद्ध संरचनाएँ, मठ एवं स्तंभ देखने को मिलते हैं।

**75.** (C) भीमबेटका गुफाएँ, भारत के मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित हैं। ये गुफाएँ शैल चित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध हैं। मुख्य रूप से ये गुफाएँ मध्य भारत के पठार के दक्षिणी किनारे पर स्थित विन्ध्याचल की पहाड़ियों के निचले छोर पर हैं।

**76.** (B) वर्षा के आधार पर मध्य प्रदेश राज्य को चार भागों में विभाजित किया गया है—(1) निम्न वर्षा वाले क्षेत्र, (2) औसत से कम वर्षा वाले क्षेत्र, (3) औसत से अधिक वर्षा वाले क्षेत्र, (4) अधिक वर्षा वाले क्षेत्र।

**77.** (A) मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में 12 जून, 2013 को महिदपुर तहसील के ग्राम डोंगला में प्रदेश की प्रथम अत्याधुनिक वैधशाला का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था, जिसका नामकरण आचार्य वराहमिहिर के नाम पर किया गया।

**78.** (B) मध्य प्रदेश में स्टेट नॉलेज मैनेजमेंट सेंटर ऑन क्लाइमेट चेंज (SKMCCC), एन्वायरमेंट प्लानिंग-को ऑर्डिनेशन ऑर्गेनाइजेशन (EPCO) एवं पर्यावरण विभाग द्वारा राज्य के तीन जिलों क्रमशः सतना, सीहोर व राजगढ़ जिले को क्लाइमेट स्मार्ट विलेज प्रोजेक्ट 2017-18 में शामिल किया गया है।

- इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य किसानों को जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना है।

**79.** (A) मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारतीय मौसम विभाग द्वारा उप क्षेत्रीय मौसम केंद्र स्थापित किया गया है, जिसके द्वारा मौसम विभाग मौसम पूर्वानुमान की जानकारी प्रदान करता है।

- भारतीय मौसम विभाग (IMD) का एक कार्यालय इंदौर जिले में भी स्थापित किया गया है।
- भारतीय मौसम विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में उप क्षेत्रीय मौसम केंद्र, भोपाल से 27 जुलाई, 2008 को मेटनेट–ई–गवर्नेंस के लिये इंट्रा आई. एम.डी. पोर्टल प्रारंभ किया गया है, जो मौसम विभाग की समस्त जानकारी को ई–गवर्नेस अवधारणाओं के रूप में लागू करता है।

**80.** (D) पूर्व से पश्चिम की ओर बहकर अरब सागर में गिरने वाली मुख्य नदियाँ नर्मदा तथा ताप्ती हैं। ताप्ती नर्मदा नदी के समानांतर बहती है।

**81.** (C) मध्य प्रदेश में क्षिप्रा नदी का उद्गम काकरी बरड़ी पहाड़ी (इंदौर) से हुआ है। इस नदी की कुल लम्बाई 195 किमी. है। इस नदी की सहायक खान नदी है। यह नदी अन्त में चम्बल नदी में मिलती है। मध्य प्रदेश का प्राचीन शहर उज्जैन क्षिप्रा नदी के तट पर ही स्थित है।

**82.** (C) नर्मदा नदी को भगवान शिव की पुत्री कहा जाता है। सतपुड़ा और विन्ध्य पर्वतमाला के बीच बहने वाली यह नदी उत्तरी भारत एवं दक्षिणी भारत के बीच की प्राकृतिक विभाजक रेखा है।

**83.** (B) मेडिखेड़ा बाँध मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में सिंधु नदी पर बना है। यह एक बहुउद्देशीय परियोजना है। इसे अटल सागर भी कहा जाता है। इसका जलग्रहण क्षेत्र 5540 $km^2$ है।

**84.** (C) गाँधी सागर बाँध मध्य प्रदेश में नीमच के पास मंदसौर जिले में स्थित है। चंबल नदी पर बने हुए इस बाँध की नींव 19 नवम्बर, 1960 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा रखी गई।

**85.** (C) रातापानी, मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की गदर नदी पर है। इसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता है।

**86.** (B) बरगी बाँध नर्मदा नदी पर बना वृहद् बाँध है। यह बाँध जबलपुर के पास स्थित है। इस बाँध पर निर्माण कार्य सन् 1974 में प्रारम्भ हुआ था एवं 1990 में यह पूर्ण हो गया था। यह एक बहुउद्देशीय बाँध है तथा इसके जलाशय से मत्स्य उद्योग एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है।

**87.** (B) हनुवंतिया द्वीप नवनिर्मित एक जल पर्यटन स्थल है जो इन्दिरा सागर बाँध में स्थित है। यह खंडवा जिले में स्थित है। इसका विकास मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा किया गया।

**88.** (A) शुष्क मृदा मध्य प्रदेश में नहीं मिलती। यहाँ काली मिट्टी–मालवा क्षेत्र, महाकौशल, दक्षिण बुंदेलखण्ड

लाल और पीली मिट्टी–बघेलखण्ड क्षेत्र में,

जलोढ़ मिट्टी–उत्तरी मध्य प्रदेश

लैटेराइट मिट्टी–हाइलैंड क्षेत्र में

मिश्रित मिट्टी–ग्वालियर, चंबल के कुछ हिस्सों में मिलती है।

**89.** (D) भारत में कुल मिट्टी का 15 प्रतिशत काली मिट्टी है। महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, में भी काली मिट्टी पायी जाती है। काली मिट्टी कपास, मूँगफली, तंबाकू, ज्वार, रागी आदि फसलों के लिए उपयुक्त होती है।

**90.** (C) वी. एस. वाकंकर वह व्यक्ति और भारतीय पुरातत्ववेत्ता हैं, जिन्होंने पहली बार 'भीमबेटका गुफा' को देखा और उसके शैलचित्रों के प्रागैतिहासिक महत्व को खोजा। ज्ञात हो कि भीमबेटका भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त के रायसेन जिले में स्थित एक पुरापाषाणिक आवासीय पुरास्थल है। यह आदि–मानव द्वारा बनाये गए शैलचित्रों और शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है।

**91.** (B) **पुरापाषाण काल**—यूनानी भाषा में Palaios प्राचीन एवं स्पजीवे पाषाण के अर्थ में प्रयुक्त होता था। इन्हीं शब्दों के आधार पर Paleolithic (पाषाणकाल) शब्द बना। यह काल आखेटक एवं खाद्य–संग्रहण काल के रूप में भी जाना जाता है। अभी तक भारत में पुरा पाषाणकालीन मनुष्य के अवशेष कहीं से भी नहीं मिल पाये हैं, जो कुछ भी अवशेष के रूप में मिला है, वह है उस समय प्रयोग में लाये जाने वाले पत्थर के उपकरण। प्राप्त उपकरणों के आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ये

लगभग 2,50,000 ई.पू. के होंगे। अभी हाल में महाराष्ट्र के 'बोरी' नामक स्थान खुदाई में मिले अवशेषों से ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि इस पञथ्वी पर 'मनुष्य' की उपस्थिति लगभग 14 लाख वर्ष पुरानी है। गोल पत्थरों से बनाये गये प्रस्तर उपकरण मुख्य रूप से सोहन नदी घाटी में मिलते हैं।

भारत में पुरापाषाण युग को औजार–प्रौद्योगिकी के आधार पर तीन अवस्थाओं में बाँटा जा सकता है। यह अवस्थाएँ हैं–

पुरापाषाण कालीन संस्कृतियाँ

| **काल** | **अवस्थाएँ** |
|---|---|
| 1. निम्न पुरापाषाण काल | हस्तकुठार (Hand-axe) और विदारणी (Cleaver) उद्योग |
| 2. मध्य पुरापाषाण काल | शल्क (फ्लॅक्स) से बने औजार |
| 3. उच्च पुरापाषाण काल | शल्कों और फलकों (ब्लेड) पर बने औजार |

**मध्य पाषाण काल**–इस काल में प्रयुक्त होने वाले उपकरण आकार में बहुत छोटे होते थे, जिन्हें लघु पाषाणोपकरण माइक्रोलिथ कहते थे। पुरापाषाण काल में प्रयुक्त होने वाले कच्चे पदार्थ क्वार्टजाइट के स्थान पर मध्य पाषाण काल में जेस्पर, एगेट, चर्ट और चालसिडनी जैसे पदार्थ प्रयुक्त किये गये। इस समय के प्रस्तर उपकरण राजस्थान, मालवा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश एवं मैसूर में पाये गये हैं। अभी हाल में ही कुछ अवशेष मिर्जापुर के सिंगरौली, बाँदा एवं विन्ध्य क्षेत्र से भी प्राप्त हुए हैं। मध्य पाषाणकालीन मानव अस्थि–पंजर के कुछ अवशेष प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश के सराय नाहर राय तथा महदहा नामक स्थान से प्राप्त हुए हैं। मध्य पाषाणकालीन जीवन भी शिकार पर अधिक निर्भर था। इस समय तक लोग पशुओं में गाय, बैल, भेड़, घोड़े एवं भैंसों का शिकार करने लगे थे।

**नव पाषाण अथवा उत्तर पाषाण काल**

साधारणतया इस काल की सीमा 3500 ई.पू. से 1000 ई.पू. के बीच मानी जाती है। यूनानी भाषा का Neo शब्द नवीन के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इसलिए इस काल को 'नवपाषाण काल' भी कहा जाता है। इस काल की सभ्यता भारत के विशाल क्षेत्र में फैली हुई थी। सर्वप्रथम 1860 ई. में 'ली मेसुरियर' (Le Mesurier) ने इस काल का प्रथम प्रस्तर उपकरण उत्तर प्रदेश की टोंस नदी की घाटी से प्राप्त किया। इसके बाद 1872 ई. में कर्नाटक के 'बेलारी' क्षेत्र को दक्षिण भारत के उत्तर–पाषाण कालीन सभ्यता का मुख्य स्थल घोषित किया। इसके अतिरिक्त इस सभ्यता के मुख्य केन्द्र बिन्दु हैं – कश्मीर, सिंध प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम आदि।

**92.** (C) बौद्ध धर्म की चौथी संगीति में यह धर्म मुख्यतः दो शाखाओं में विभाजित हो गया–हीनायान तथा महायान। हीनायान का विशालतम शैलकृत चैत्यगृह, महाराष्ट्र के लोनावाला जिले में कार्ले नामक स्थान पर स्थित है। हीनयान अवस्था का विशालतम एवं सर्वाधिक विकसित शैलकृत चैत्यगृह कार्ले (लोनावाला, महाराष्ट्र) में स्थित है। भाजा, कोण्डाने, पीतल खोरा, अजंता, बेडसा आदि चैत्य गृहों का सम्बन्ध ा भी हीनयान धर्म से ही है।

**93.** (C) पहली बौद्ध संगीति अजातशत्रु के शासनकाल में बिहार के राजगृह जिले में सप्तपर्णी नामक गुफा में 483 ई.पू में सम्पन्न हुई थी। इसकी अध्यक्षता महाकस्सप ने की थी। इस संगीति में बुद्ध के उपदेशों को दो पिटकों विनयपिटक और सुत्तपिटक में बाँटा गया था।

**94.** (A) दक्षिण भारत से प्राप्त मास्की एवं गुजर्रा अभिलेखों में 'अशोक' तथा पुराणों में 'अशोक वर्धन' नामोल्लेख हुआ है। अभिलेखों में अशोक ईरानी शैली (दारा प्रथम) में 'देवानामप्रिय' तथा 'देवानाम पियदस्सी' नामक उपाधियों से विभूषित है।

**95.** (C) मौर्यकाल के सप्तांग सिद्धान्त में राजा, आमात्य, जनपद दुर्ग कोश, सेना और मित्र शामिल थे।

**96.** (A) विदेशी यात्रियों को उनके भारत आने के कालक्रम– राल्फ फिच विलियम हाकिन्स, निकोलस डाउंटन, सर थोमस रो–

- राल्फ फिच भारत में 1583 में आये।
- विलियम हॉकिन्स भारत में 1608 में आये और इन्होंने जहाँगीर से भेंट की।
- निकोलस डाउंटन 1608 में भारत आया था।
- सर थॉमस रो भारत 1616 में आया था।

**97.** (C) लखनऊ (अवध) में 1857 के विद्रोह का प्रारम्भ 4 जून, 1857 को हुआ। विद्रोह का नेतृत्व बेगम हजरत महल ने किया। उन्होंने अपने अल्पवयस्क बेटे बिरजिस कादिर को नवाब घोषित कर प्रशासन की बागडोर अपने हाथों में ले ली।

**98.** (D)
- तमिलनाडु की सबसे ऊँची चोटी डोडा बेट्टा चोटी है।
- राजस्थान की सबसे ऊँची चोटी गुरुशिखर चोटी है।
- नागालैण्ड की सबसे ऊँची चोटी सारामती चोटी है।
- मध्य प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़ चोटी है।

**99.** (D) भारत के तटीय राज्यों गुजरात (1663 किमी) सबसे लम्बी तट रेखा बनाता है। आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें स्थान पर हैं।

**100.** (D) बैरेन द्वीप बंगाल की खाड़ी के अंडमान निकोबार में पोर्टब्लेयर से 135 किमी. दूर उत्तर-पूर्व में अवस्थित है। यह दक्षिण एशिया का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है। इस ज्वालामुखी से पहला उद्‌गार 1787 ई. में हुआ था।

❑❑



# प्रैक्टिस सेट–1

## एप्टीट्यूड टेस्ट (CSAT)

## द्वितीय प्रश्न-पत्र

## हिन्दी

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 4 तक)**

लेखांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए–

कुछ कहा जा रहा है उससे कहीं महत्वपूर्ण होता है अपनी बात कहने का तरीका। आप कितनी ही जरूरी बात क्यों न कहें, अगर आपकी बात कोई सुने नहीं, महसूस ही न करे, तो उसे कहने का फायदा ही क्या ? किसी के कहे को सुनने के लिए, उसे महसूस करने के लिए, पूरा ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत होती है और वही मिलता था मुझे उस महान संगीतज्ञ बीथोवन के स्वरों द्वारा–पूरा ध्यान। आप पूछ सकते हैं कि ''आवा-जाही और बातचीत के शोर से भरे किसी कमरे के दूसरे छोर पर बैठा कोई बच्चा उन आठ कोमल स्वरों को भला कैसे सुनता होगा ?'' इस सवाल का जवाब तो कोई भी शिक्षक दे सकता है। ये स्वर तो वे बच्चे ही सुन पाते थे जो पियानो के बिल्कुल पास खड़े हों, और तब उनका स्पर्श दूसरों को आगाह करता था। पर कुछ ही क्षणों तेजी से फैलती वह खामोशी ही बोलने लगती थी और जब तक आखिरी स्वर की गूँज खत्म होती, सभी बच्चे शांत हो चुके होते थे। वे खामोशियों, से सन्नाटे याद रहेंगे मुझे,
सात क्या उसके भी कई-कई सालों बाद भी।

**1.** लेखिका के अनुसार अपनी बात कहने के सन्दर्भ में सबसे महत्वपूर्ण क्या है ?
- (A) ध्यान केन्द्रित करने के लिए आवाजों का प्रयोग करना
- (B) सवाल का जवाब देना
- (C) जो कुछ कहा जा रहा है
- (D) बात कहने का तरीका

**2.** संवाद तभी सार्थक होता है जब–
- (A) मधुर आवाज
- (B) शान्त माहौल
- (C) जरूरी बात करना
- (D) कहने-सुनने वाले सक्रिय हों

**3.** 'खामोशी ही बोलने लगती है' से अभिप्राय है–
- (A) खामोशी तेज आवाज में बोलती है
- (B) खामोश बच्चे बोलने लगते हैं
- (C) जब कुछ बच्चे धीरे-धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाकी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शान्त होना है
- (D) खामोशी बच्चों से कहती है कि चुप हो जाओ

**4.** लेखिका के अनुसार–
- (A) एक शिक्षक अपने बच्चों को बहुत अच्छी तरह जानता है
- (B) बच्चों को शान्त करने के लिए संगीत का ही प्रयोग करना चाहिये
- (C) बच्चे बहुत शोर करते हैं
- (D) बच्चे बहुत बोलते हैं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 5 से 9 तक)**

लेखांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में **सबसे उचित** विकल्प चुनिए–

जहाँ तक मैं समझता हूँ, मेरी आत्मिक शक्तियों के विकास में बार्सीलोना और उनके निवासियों का सबसे सुंदर चित्रण भी सहायक नहीं हो सकता था। स्योम्का और फेदूका को पीटर्सबर्ग के जलमार्गों को जानने की क्या जरूरत है, अगर जैसी कि संभावना है, वे वहाँ कभी नहीं जा पाएँगे, अगर स्योम्का का वहाँ कभी जाना होगा भी, तो उसे इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा कि उसने यह स्कूल में पढ़ा था या नहीं, क्योंकि तब इन जलमार्गों को वह व्यवहार में अच्छी तरह जान जाएगा मैं नहीं समझ सकता कि उसकी आत्मिक शक्तियों के विकास में इस बात की जानकारी से कोई मदद मिल सकती है कि वोल्गा में सन से लदे जहाज नीचे की ओर जाते हैं और अलकतरे से लदे जहाज ऊपर की ओर; कि दुबेब्का नाम का एक बंदरगाह है कि फलाँ भूमिगत परत फलाँ जगह तक जाती है कि शायद लोग बारहसिंगा गाड़ियों पर सफर करते हैं वगैरह-वगैरह।

**5.** स्योम्का और फेदूका हैं–
- (A) विद्यार्थियों के नाम
- (B) कर्मचारियों के नाम
- (C) शहरों के नाम
- (D) शिक्षकों के नाम

**6.** लेखक के अनुसार वह पढ़ाई निरर्थक है–
- (A) जो बंदरगाहों के बारे में न बताये
- (B) जिसका उपयोग बच्चे रोजमर्रा के जीवन में न करते हों
- (C) जिसमें जलमार्गों के बारे में नहीं पढ़ाया जाता
- (D) जानकारी नहीं दी जाती

**7.** बच्चे ढेर सारी जानकारी हासिल करके–
- (A) आत्मिक विकास नहीं कर सकते
- (B) कक्षा में अव्वल आ सकते हैं
- (C) बहुत कुछ सीख सकते हैं
- (D) विद्वान बन सकते हैं

**8.** बच्चे बहुत कुछ स्वतः ही तभी सीख जाते हैं, जब–
- (A) माता-पिता बताते हैं
- (B) वे किताब में पढ़ते–देखते हैं
- (C) शिक्षक उन्हें सिखाते हैं
- (D) वे चीजों को व्यवहार में लाते हैं

**9.** व्यावहारिक जीवन में उपयोग में न आने वाली बातों को जानने या न जानने से फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि–
- (A) बाद में शिक्षक बता ही देंगे
- (B) बच्चे कुशाग्र बुद्धि के होते हैं
- (C) ये बातें व्यावहारिक जीवन को प्रभावित नहीं करतीं
- (D) बच्चे अभी इन बातों का उपयोग करने योग्य नहीं हैं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 10 से 19 तक)**

सही वर्तनी छाँटिए।

**10.** (A) जिजीविषा (B) जिजीवषा (C) जजीवषा (D) जिजिवीषा

**11.** (A) एश्वर्य (B) एस्वर्य (C) एष्वर्य (D) ऐश्वर्य

**12.** (A) आहूती (B) आहुति (C) आहुती (D) आहूति

**13.** (A) वाल्मीक (B) बाल्मीकी (C) वाल्मीकी (D) वाल्मीकि

**14.** (A) अच्छर (B) अक्षर (C) आखर (D) अक्खर

**15.** (A) अनुछेद (B) अनुछेद (C) अनुच्छेद (D) अनूछेद

**16.** (A) पुंजीवाद (B) पूँजीवाद (C) पुंजिवाद (D) पंजीवाद

**17.** (A) अर्न्तनिहित (B) अन्तनिर्हित (C) अन्तर्निहित (D) अन्तरनिहित

**18.** (A) परिक्षा (B) परिच्छा (C) परीच्क्षा (D) परीक्षा

**19.** (A) षड्यन्त्र (B) षढ़यन्त्र (C) षडयन्त्र (D) षड्यन्तर

**निर्देश (प्रश्न संख्या 20 एवं 21 तक)**

प्रश्न में दी गई इटैलिक अशुद्ध वर्तनी का शुद्धरूप चयन कीजिए।

**20.** जल प्रपात को देखकर मन *आहलाद* से भर गया।
- (A) आह्लाद
- (B) आहालाद
- (C) आह्ललाद
- (D) अहलाद

21. 'संन्यासी' उपन्यास के *रचइता* इलाचन्द्र जोशी हैं।
(A) रचईता (B) रचीयता
(C) रचयीता (D) रचयिता

22. मानव मात्र को गीता के <u>माहातम्य</u> से परिचित होना अनिवार्य है। **रेखांकित** शब्द को शुद्ध करें।
(A) माहात्मय (B) माहात्म्य
(C) महात्म्य (D) महात्तम्य

23. शुद्ध वर्तनी चुनिए–
(A) आशीर्वाद (B) आर्शीवाद
(C) आशिर्वाद (D) आर्शिवाद

24. शुद्ध शब्द छाँटिए–
(A) अभ्यस्थ (B) अभियस्त
(C) अभ्यस्त (D) अभयस्त

25. जिस विकारी शब्द के प्रयोग से हम किसी वस्तु के विषय में कुछ विधान करते हैं, उसे कहते हैं–
(A) संज्ञा (B) क्रिया
(C) सर्वनाम (D) विशेषण

26. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?
(A) सीता भोजन बना रही है।
(B) टैगोर ने गीतांजलि लिखी।
(C) श्याम रोता है।
(D) बच्चा फल तोड़ रहा है।

27. झगड़ा मेरे और उसके मध्य में था।
(A) करण कारक (B) कर्म कारक
(C) सम्बन्ध कारक (D) अधिकरण कारक

28. हिन्दी में वचन की संज्ञा होती है–
(A) 3 (B) 5
(C) 2 (D) 4

**निर्देश (प्रश्न संख्या 29 एवं 30 के लिए)**

नीचे दिए गए वाक्यों में कारक बताइए–

29. 'मैं काम से जा रहा हूँ।'
(A) करण कारक (B) अपादान कारक
(C) सम्प्रदान कारक (D) कर्म कारक

30. 'आपसे टेलीफोन पर मिलूँगा।'
(A) अधिकरण कारक
(B) करण कारक
(C) कर्म कारक
(D) सम्बन्ध कारक

## गणित

31. एक–तिहाई सामान को 15% लाभ पर बेचा जाता है, 25% सामान को 20% लाभ पर बेचा जाता है तथा शेष को 20% हानि पर बेचा जाता है। यदि संपूर्ण लेन-देन में ₹ 138.50 का लाभ हुआ हो तो सामान का मूल्य (₹ में) है–
(A) ₹ 8,310 (B) ₹ 7,756
(C) ₹ 8,030 (D) ₹ 8,587

32. दी गई टेबल एक कंपनी की चार उत्पादों A, B, C तथा D की बिक्री से 06 वर्षों में प्राप्त राजस्व (₹ करोड़ में) को दर्शाती है। टेबल का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्न का उत्तर दें–

| वर्ष→ उत्पाद↓ | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 98 | 94 | 80 | 95 | 110 | 115 |
| B | 74 | 96 | 92 | 84 | 98 | 86 |
| C | 82 | 98 | 96 | 88 | 93 | 103 |
| D | 74 | 102 | 92 | 93 | 97 | 102 |

कितने वर्षों में उत्पाद D की बिक्री से प्राप्त राजस्व 06 वर्षों में उत्पाद A की बिक्री से प्राप्त औसत राजस्व से अधिक है?
(A) 4 (B) 1
(C) 2 (D) 3

33. दी गई टेबल एक कंपनी की चार उत्पादों A, B, C तथा D की बिक्री से 06 वर्षों में प्राप्त राजस्व (₹ करोड़ में) को दर्शाती है। टेबल का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्नों का उत्तर दें–

| वर्ष→ उत्पाद↓ | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 98 | 94 | 80 | 95 | 110 | 115 |
| B | 74 | 96 | 92 | 84 | 98 | 86 |
| C | 82 | 98 | 96 | 88 | 93 | 103 |
| D | 74 | 102 | 92 | 93 | 97 | 102 |

वर्ष 2014 में उत्पादों B, C तथा D की बिक्री से प्राप्त राजस्व 06 वर्षों में उत्पादों C तथा D की बिक्री से प्राप्त कुल राजस्व का कितना प्रतिशत है?
(A) 25 (B) 28
(C) 18 (D) 20

34. A का वेतन B से 60% कम है और A का खर्च B के खर्च के 60% के बराबर है। यदि A का वेतन B के खर्च के 70% के बराबर हो तो A तथा B की बचत का अनुपात होगा–
(A) 3 : 8 (B) 4 : 7
(C) 2 : 15 (D) 5 : 9

35. किसी राशि पर 10% की दर से अर्द्ध–वार्षिक तथा वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज के अनुसार, चक्रवृद्धि ब्याजों का अंतर ₹ 88.80 है। उस राशि पर उसी दर से $1\frac{2}{3}$ वर्ष में साधारण ब्याज कितना होगा?
(A) ₹ 5,980
(B) ₹ 5,916
(C) ₹ 5,986
(D) ₹ 5,920

36. दी गई टेबल एक कंपनी की चार उत्पादों A, B, C तथा D की बिक्री से 06 वर्षों में प्राप्त राजस्व (₹ करोड़ में) को दर्शाती है। टेबल का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्न का उत्तर दें–

| वर्ष→ उत्पाद↓ | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 98 | 94 | 80 | 95 | 110 | 115 |
| B | 74 | 96 | 92 | 84 | 98 | 86 |
| C | 82 | 98 | 96 | 88 | 93 | 103 |
| D | 74 | 102 | 92 | 93 | 97 | 102 |

वर्ष 2012 तथा 2013 में उत्पादों A, B तथा D की बिक्री से प्राप्त राजस्व 2013 से 2016 तक उत्पाद B की बिक्री से प्राप्त कुल राजस्व से कितना प्रतिशत अधिक है? (दशमलव के एक अंक तक)
(A) 45.4 (B) 31.2
(C) 43.6 (D) 44.5

37. एक समूह में लड़के तथा लड़कियों का अनुपात 7 : 6 है। यदि 4 और लड़के समूह में आ जाते हैं और 3 लड़कियाँ समूह को छोड़ देती हैं तो लड़के तथा लड़कियाँ का अनुपात 4 : 3 हो जाता है। प्रारंभ में समूह में कुल कितने लड़के तथा लड़कियाँ थीं।
(A) 91 (B) 117
(C) 104 (D) 78

38. यदि किसी बोट द्वारा धारा के अनुरूप 13 किमी. जाने में तथा धारा के विरुद्ध 7 किमी. जाने में लिया गया समय समान है। यदि धारा का वेग 3 किमी प्रति घंटा है तो स्थिर धारा में 44.8 किमी. जाने में कुल कितना समय (घंटे में) लगेगा?
(A) $5\frac{3}{5}$ (B) $4\frac{13}{25}$
(C) $5\frac{2}{5}$ (D) $4\frac{12}{25}$

39. दी गई टेबल एक कंपनी की चार उत्पादों A, B, C तथा D की बिक्री से 06 वर्षों में प्राप्त राजस्व (₹ करोड़ में) को दर्शाती है। टेबल का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्न का उत्तर दें–

| वर्ष→ उत्पाद↓ | 2012 | 2013 | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 98 | 94 | 80 | 95 | 110 | 115 |
| B | 74 | 96 | 92 | 84 | 98 | 86 |
| C | 82 | 98 | 96 | 88 | 93 | 103 |
| D | 74 | 102 | 92 | 93 | 97 | 102 |

वर्ष 2014 में चारों उत्पादों की बिक्री से प्राप्त राजस्व तथा वर्ष 2014 से 2017 तक उत्पाद C की बिक्री से प्राप्त कुल राजस्व का अनुपात कितना है?
(A) 14 : 23 (B) 7 : 10
(C) 7 : 9 (D) 18 : 19

40. किसी कक्षा में कुछ छात्रों का औसत द्रव्यमान 58.4 किग्रा. है। जब 5 छात्र जिनका औसत द्रव्यमान 62.8 किग्रा. है, कक्षा में शामिल होते हैं

तो कक्षा के सभी छात्रों का औसत द्रव्यमान 0.55 किग्रा. बढ़ जाता है। प्रारंभ में कक्षा में छात्रों की संख्या थी–

(A) 25 (B) 40
(C) 35 (D) 30

**41.** $$\frac{5\frac{1}{2} \div 3\frac{2}{3} \text{ का } \frac{1}{4} + \left(5\frac{1}{9} - 7\frac{7}{8} \div 9\frac{9}{20}\right) \times \frac{9}{11}}{5 \div 5 \text{ का} \frac{1}{10} - 10 \times 10 \div 20}$$

का मान है–

(A) $1\frac{4}{5}$ (B) $9\frac{1}{2}$
(C) $3\frac{4}{5}$ (D) $1\frac{9}{10}$

**42.** A तथा B एक साथ काम करके किसी काम को $d$ दिन में पूरा करते हैं। A उसी काम को अकेले $(8 + d)$ दिन में तथा B अकेले $(18 + d)$ दिन में पूरा करता है। A चार दिन तक काम करता है। B द्वारा शेष काम अकेले कितने दिन में पूरा किया जायेगा?

(A) 18 दिन (B) 24 दिन
(C) 16 दिन (D) 20 दिन

**43.** यदि $30x^2 - 15x + 1 = 0$,
तो $25x^2 + (36x^2)^{-1}$ का मान क्या है?

(A) $\frac{9}{2}$ (B) $\frac{55}{12}$
(C) $\frac{65}{12}$ (D) $6\frac{1}{4}$

**44.** दी गई टेबल वर्ष 2012-2017 में पाँच अलग मॉडलों A, B, C, D तथा E में उत्पादित कारों की संख्या (हजार में) दर्शाती है। टेबल का अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्न का उत्तर दें–

| | A | B | C | D | E | δ ψ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012 | 18 | 26 | 22 | 23 | 31 | 120 |
| 2013 | 22 | 18 | 32 | 40 | 18 | 130 |
| 2014 | 32 | 43 | 26 | 35 | 34 | 170 |
| 2015 | 18 | 22 | 26 | 14 | 20 | 100 |
| 2016 | 36 | 12 | 44 | 38 | 50 | 180 |
| 2017 | 12 | 48 | 40 | 22 | 28 | 150 |

यदि 2013 तथा 2014 को साथ लिया जाये तो कौन–सी कार इन दो सालों में उत्पादित कुल कारों का 25 प्रतिशत है?

(A) C (B) D
(C) E (D) B

**45.** यदि किसी आयत की लंबाई 40% बढ़ा दी जाये तथा चौड़ाई 20% घटा दी जाये, तो उस आयत का क्षेत्रफल $x$% बढ़ जाता है। $x$ का मान होगा–

(A) 16 (B) 8
(C) 20 (D) 12

**46.** दी गई टेबल वर्ष 2012-2017 में पाँच अलग मॉडलों A, B, C, D तथा E में उत्पादित कारों की संख्या (हजार में) दर्शाती है। टेबल का अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्न का उत्तर दें–

| | A | B | C | D | E | δ ψ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012 | 18 | 26 | 22 | 23 | 31 | 120 |
| 2013 | 22 | 18 | 32 | 40 | 18 | 130 |
| 2014 | 32 | 43 | 26 | 35 | 34 | 170 |
| 2015 | 18 | 22 | 26 | 14 | 20 | 100 |
| 2016 | 36 | 12 | 44 | 38 | 50 | 180 |
| 2017 | 12 | 48 | 40 | 22 | 28 | 150 |

वर्ष 2015 में कौन–सी कार उस वर्ष में उत्पादित कुल कारों का 20 प्रतिशत है?

(A) E (B) B
(C) D (D) A

**47.** एक रेलगाड़ी एक खम्भे को 12 सेकण्ड में तथा 170 मीटर लंबाई के पुल को 36 सेकण्ड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल क्या है?

(A) 10.8 किमी/घंटा
(B) 25.5 किमी/घंटा
(C) 32.45 किमी/घंटा
(D) 30.75 किमी/घंटा

**48.** 6 संख्याओं में से पहली 5 संख्याओं का योग छठी संख्या से 7 गुणा है। यदि उनका औसत 136 है तो छठी संख्या ज्ञात करें।

(A) 84 (B) 102
(C) 96 (D) 116

**49.** 640 छात्रों के किसी स्कूल में लड़कों तथा लड़कियों की संख्याओं में 5 : 3 का अनुपात है। यदि 30 और लड़कियाँ स्कूल में शामिल कर ली जायें तो कितने लड़के और शामिल किये जाने चाहिये ताकि लड़के तथा लड़कियों का अनुपात 14 : 9 हो जाये ?

(A) 15 (B) 25
(C) 20 (D) 30

**50.** दी गई टेबल वर्ष 2012-2017 में पाँच अलग मॉडलों A, B, C, D तथा E में उत्पादित कारों की संख्या (हजार में) दर्शाती है। टेबल का अध्ययन करें तथा दिये गये प्रश्न का उत्तर दें–

| | A | B | C | D | E | δ ψ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2012 | 18 | 26 | 22 | 23 | 31 | 120 |
| 2013 | 22 | 18 | 32 | 40 | 18 | 130 |
| 2014 | 32 | 43 | 26 | 35 | 34 | 170 |
| 2015 | 18 | 22 | 26 | 14 | 20 | 100 |
| 2016 | 36 | 12 | 44 | 38 | 50 | 180 |
| 2017 | 12 | 48 | 40 | 22 | 28 | 150 |

कुल कारों में वर्ष 2012 की तुलना में 2016 में प्रतिशत वृद्धि है–

(A) 33.33% (B) 50%
(C) 62.33% (D) 45%

## तार्किक क्षमता

**51.** दो शब्द, जिनको ':' द्वारा अलग किया गया है और जो एक–दूसरे के साथ एक निश्चित संबंध रखते हैं, को ': :' के एक तरफ रखा गया है। दिये गये विकल्पों में से उस एक को चुनें जो ': :' के दूसरी तरफ रखा जा सकता है और जिसके शब्दों के बीच एक समान संबंध हो।

तरकश : तीर : : म्यान : ?

(A) बच्चा (B) टेनिस रैकेट
(C) दूरबीन (D) तलवार

**52.** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा ?

125, 171, 263, 401, 585 ?

(A) 835 (B) 815
(C) 792 (D) 788

**53.** छः दोस्त, जिनके नाम A, B, C, D, E और F हैं, एक गोलाकार मेज पर एक-दूसरे की तरफ मुख करके बैठे हैं। C, A के दाएँ से चौथे स्थान पर है। F, A के ठीक दाएँ है। C, B और D के बीच में है। E, B और F के बीच में है।

उपर्युक्त शर्तों के आधार पर, असत्य कथन चुनें।

(A) C, A के ठीक बाईं ओर है
(B) F, A और E के बीच में है
(C) D, A और C के बीच में है
(D) D, E के विपरीत बैठा है

**54.** नीचे दिया गया प्रश्न निम्नलिखित अक्षर/संख्या/प्रतीक व्यवस्था पर आधारित है। इसे सावधानीपूर्वक पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

@ J @ 1 # 2 K 3 6 $ L 2 4 2 R 6 4 2 G 5 2 $ ϕ 4 2 %

निम्न में से कौन–सा अक्षर/संख्या/प्रतीक दायें से तीसरे अक्षर के बायीं ओर सातवाँ अक्षर/संख्या/प्रतीक होगा?

(A) 4 (B) 3
(C) 5 (D) 1

**55.** 'PRUDENT' शब्द में दो अक्षरों के ऐसे कितने सेट हो सकते हैं जिनके मध्य विद्यमान अक्षरों की संख्या वर्णानुक्रम में उनके मध्य अक्षरों की संख्या के समान है ?

(A) 4 (B) 0
(C) 2 (D) 3

**56.** नीचे प्रदत्त प्रश्न में दो कथन और उसके बाद I और II के रूप में संख्यांकित दो निष्कर्ष दिए गए हैं। ज्ञात सामान्य तथ्यों से अलग प्रतीत होने के बावजूद आपको प्रदत्त दोनों कथनों को सही मानना होगा और निर्णय लेना होगा कि ज्ञात सामान्य तथ्यों की उपेक्षा करते हुए प्रदत्त कथनों से तार्किक रूप से कौन–सा (से) निष्कर्ष निकलता है (निकलते हैं) ?

**कथन:**

I. कुछ चूहे, खरगोश हैं।

II. कुछ खरगोश, मच्छर हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ मच्छर, चूहे जरूर होने चाहिए।

II. सभी खरगोश, चूहे हैं।

प्रदत्त उत्तर है

(A) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है

(B) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है

(C) यदि निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं

(D) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II निकलता है

**57.** यदि 'P × Q' का तात्पर्य है 'P, Q की बेटी है', 'P + Q' का तात्पर्य है 'P, Q' का पिता है, 'P ÷ Q' का तात्पर्य है 'P, Q' की माँ है, और 'P – Q' का तात्पर्य है 'P, Q' का भाई है, तो अभिव्यक्ति A ÷ B + C – E × F में, A का F से क्या संबंध है ?

(A) सास (B) चाची

(C) बहू (D) भाभी

**58.** किसी विशेष कोड में, Breaking को Bfscfmhj के रूप में लिखा जाता है। उस कोड में Motherly को कैसे लिखा जाएगा ?

(A) IUPNZMSF (B) IUPNXKQD

(C) IUPNFSMZ (D) GSNLZMSF

**59.** E M 3 P 5 7 R T V Z 9 D I F Q X 4 6 H I 2 8 W निम्न में से कौन-सा उपर्युक्त क्रम में बाएँ किनारे से 7वें अक्षर/अंक और दाएँ किनारे से 9वें अक्षर/अंक के ठीक बीच में है ?

(A) D (B) 9

(C) 1 (D) V

**60.** VOCABULARY शब्द के अक्षरों का उपयोग करके निम्न शब्दों में से कौन–सा नहीं बनाया जा सकता है ?

(A) CAR (B) CABLE

(C) OAR (D) OCULAR

**61.** दी गई शृंखला में छठे स्थान पर कौन–सा विकल्प आएगा?




(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


**62.** वह भिन्न चुनें जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिह्न (?) का स्थान ले सकता है।

$$\frac{64}{9}, \frac{32}{27}, \frac{16}{81}, \frac{8}{243}, \frac{4}{729}, ?,$$

(A) $\frac{2}{1539}$ (B) $\frac{1}{2187}$

(C) $\frac{4}{1539}$ (D) $\frac{2}{2187}$

**63.** इन चार अक्षर–समूहों में से तीन किसी प्रकार से समान हैं, और एक असंगत है। असंगत को चिह्नित करें।

(A) CHSX (B) IKPR

(C) DJQW (D) AFWZ

**64.** वह अक्षर–समूह चुनें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न–चिह्न (?) का स्थान ले सकता है।

LJB, NIY, PHV, RGS, TFP, ?

(A) VEM (B) VEN

(C) WEM (D) VFM

**65.** यदि DAMSEL को AEDLMS के रूप में कूट बद्ध किया गया है, तो VALOUR को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा ?

(A) AUVRLO (B) AOULRV

(C) AVUROL (D) AROUVL

**66.** वह विकल्प चुनें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार आपस में संबंधित हैं जैसे दिये गए समूह में संख्याएँ संबंधित हैं।

(6, 15, 30) और (12, 14, 84)

(A) (12, 16, 32) (B) (16, 12, 36)

(C) (12, 16, 48) (D) (16, 12, 72)

**67.** एक भाषा में, 'mohu rupt nyrk' का अर्थ 'बुद्धिमान और परिश्रमी', 'mohu triv jech' का अर्थ 'परीक्षण और परीक्षाएँ', 'jech lyge' का अर्थ 'परीक्षा प्रश्न' और 'stoj rupt' का अर्थ 'बुद्धिमान उत्तर' है, तो किस व्यंजक का अर्थ 'प्रश्न और उत्तर' होगा?

(A) mohu lyge stoj (B) nyrk rupt mohu

(C) nyrk mohu triv (D) stoj nyrk rupt

**68.** दिये गए संयोजन का सही दर्पण प्रतिबिम्ब चुनें।

METALS

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**69.** सुमन अपने घर से निकली, बाएँ मुड़ी, उत्तर की ओर 300 m चली और महात्मा गांधी जंक्शन पहुँच गई। वहाँ से, वह दाईं ओर मुड़ी ओर एक बीमार मित्र से मिलने के लिए 500 m, चलकर अस्पताल पहुँची। उसके बाद, वह दाएँ मुड़कर एक सुपरमार्केट में गई। सुपरमार्केट से खरीदारी करने के बाद, वह सीधे चलकर अपने घर गई। महात्मा गांधी जंक्शन से अस्पताल तक की सड़क किस दिशा में जाती है?

(A) पूर्व से पश्चिम

(B) उत्तर से दक्षिण

(C) दक्षिण से उत्तर

(D) पश्चिम से पूर्व

**70.** इन चार विकल्पों में से तीन किसी प्रकार से समान हैं और एक असंगत है। असंगत को चिह्नित करें।

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


**71.** दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निश्चित करें कि कौन–सा निष्कर्ष उस कथन से तार्किक रूप से मेल खाता है या खाते हैं।

**कथन :**

एक पुलिस अधिकारी को शिकायत मिलती है कि उसके जिले का एक सांसद कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत ले रहा है।

**निष्कर्ष :**

I. पुलिस अधिकारी को मामले की जाँच करने और सांसद को रंगे हाथों पकड़ने की कोशिश करनी चाहिए।

II. पुलिस अधिकारी को कुछ और शिकायतों का इंतजार करना चाहिए और फिर सांसद को रंगे हाथों पकड़ना चाहिए।

(A) केवल निष्कर्ष I मेल खाता है

(B) केवल निष्कर्ष II मेल खाता है

(C) निष्कर्ष I और II दोनों मेल खाते हैं

(D) न तो निष्कर्ष I न II मेल खाता है

**72.** दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि विकल्पों में से कौन सा निष्कर्ष इस परिच्छेद से तार्किक रूप से मेल खाता है।

एक टीवी शो में, एक प्रसिद्ध पोषणविद् (न्यूट्रिशनिस्ट) ने कहा कि नाश्ते के लिए पेश की जाने वाली विविध प्रकार की वस्तुओं में, मूसली में सामान्य अन्न की तुलना में अधिक पोषण होता है। उन्होंने यह भी कहा कि दलिया रोटी की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक है, लेकिन हाल ही में एक अन्न कम्पनी के विज्ञापन का कहना है कि कॉर्नफ्लेक्स (मकई) जैसे अन्न सादे मूसली की तुलना में पोषण में समृद्ध हैं। विज्ञापन में दी गई गलत जानकारी को लेकर उपभोक्ता सोशल मीडिया और कम्पनी की वेबसाइट पर कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

(A) पोषणविद् ने जानबूझकर उस टिप्पणी को अन्न कम्पनी के खिलाफ नकारात्मक भावना उत्पन्न करने के लिए मोड़ दिया है

(B) पोषणविद् बहुत ही विश्वसनीय हैं और लोग अन्न कम्पनी के बजाय उनकी कही गई बातों पर भरोसा करते हैं

(C) अन्न कम्पनी ने एक पुराने शोध के आधार पर विज्ञापन किया था और यह गलत सूचना गैर–इरादतन थी

(D) सोशल मीडिया साइट्स ग्राहकों के बीच शिकायत पोर्टल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रही है

**73.** किसी ट्रैवल एजेंट ने 100 लोगों का सर्वेक्षण किया, ताकि यह पता लग सके कि उनमें से कितने मुम्बई और बैंगलुरु शहर गए थे। 31 लोग मुम्बई आए थे, 26 लोग बैंगलुरू गए थे और 12 लोग दोनों शहरों में गए थे। उन लोगों की संख्या ज्ञात करें, जो न तो मुंबई और न ही बैंगलुरू गए थे।

(A) 12 (B) 55
(C) 19 (D) 45

**74.** टीवी देखने वाले 500 दर्शकों के बीच हुए सर्वेक्षण में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई। 285 दर्शक फुटबॉल खेल देखते हैं। 195 दर्शक हॉकी खेल देखते हैं, 115 दर्शक बास्केटबॉल खेल देखते हैं, 45 दर्शक फुटबॉल और बास्केटबॉल खेल देखते हैं, 70 दर्शक फुटबॉल और हॉकी खेल देखते हैं, 50 दर्शक हॉकी और बास्केटबॉल खेल देखते हैं और 50 दर्शक कोई तीनों में से कोई खेल नहीं देखते हैं। कितने दर्शक तीनों खेलों में से किसी एक खेल को तो देखते ही है?

(A) 440 (B) 365
(C) 205 (D) 325

**75.** एक एयरलाइन में, 120 यात्रियों को हॉट ड्रिंक्स और आइस टी परोसे गए। 75 यात्रियों ने हॉट ड्रिंक्स का आनंद लिया और 62 ने आइस टी का आनंद लिया। यदि 40 ने दोनों का आनंद लिया, तो कितने यात्रियों ने पेय पदार्थों में से किसी का भी आनंद नहीं लिया?

(A) 15 (B) 12
(C) 23 (D) 25

**76.** 100 अभ्यर्थियों के सर्वेक्षण से आइसक्रीम फ्लेवर–वेनिला, चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी की उनकी पसंद के सम्बन्ध में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की गई।

50 अभ्यर्थियों ने वेनिला पंसद की, 43 ने चॉकलेट पसंद की, 28 ने स्ट्रॉबेरी पसंद की, 13 ने वेनिला और चॉकलेट को पसंद किया, 11 ने चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी पसंद की, 12 ने स्ट्रॉबेरी और वेनिला को पसंद किया और 5 ने सभी तीनों फ्लेवर पसंद किए। ऐसे कितने अभ्यर्थी हैं, जिन्होंने चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी तो पसंद की, लेकिन वेनिला को पसंद नहीं किया?

(A) 24 (B) 10
(C) 32 (D) 6

**77.** किसी एक निश्चित भाषा में, WOMEN को OWMNE के रूप में लिखा गया है। उसी कोड भाषा में NOTES को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) TONES (B) SETNO
(C) ONTSE (D) ONETS

**78.** दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि उस कथन से कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से मेल खाता है/खाते हैं।

**कथन :**

राष्ट्रीय कौशल विकास समिति ने अपने प्रशिक्षकों के बीच एक आकलन का आयोजन किया और उनके प्रदर्शन को अनिवार्य स्तर से नीचे पाया।

**निष्कर्ष :**

I. समिति को मानकों में संशोधन के लिए शीघ्र सुधारात्मक पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण का आयोजन करना चाहिए।

II. समिति को खराब प्रदर्शन करने वालों को हटा देना चाहिए और नए प्रशिक्षकों को रख लेना चाहिए।

(A) केवल निष्कर्ष I मेल खाता है
(B) केवल निष्कर्ष II मेल खाता है
(C) निष्कर्ष I और II दोनों मेल खाते हैं
(D) या तो निष्कर्ष I या II मेल खाता है

**79.** दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि विकल्पों में से कौन सा निष्कर्ष उस परिच्छेद से तार्किक रूप से मेल खाता है।

कीटनाशक और कृमिनाशक अवशेषों का खतरनाक स्तर बाजार में बिकने वाले फलों और सब्जियों में मिलता है, जिससे लोगों में असंतोष का माहौल बनता है। किसान फसल की रक्षा करने के लिए बड़ी मात्रा में सस्ते रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हैं। कीट, कुछ समय बाद, रसायनों से अपने को प्रतिरक्षित (रोगक्षम) कर लेते हैं और इसलिए किसानों को उन्हें नष्ट करने के लिए अधिक हानिकारक रसायनों का उपयोग करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। हालांकि, सरकार इस प्रकार के दुश्चक्र को तोड़ने के लिए कुछ हानिकारक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है, क्योंकि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।

(A) इस तरह की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को रोकने के साथ–साथ फसल की रक्षा करने के लिए किसानों को शाकनाशी का प्रयोग करना चाहिए

(B) किसान रसायनों के प्रयोग पर अत्यधिक आश्रित हो गए हैं, जिससे लम्बे समय में न केवल कीटों का विकास हुआ है, बल्कि उन्होंने रसायनों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित कर ली है

(C) सरकार सभी रासायनिक कृमिनाशकों और कीटनाशकों और किसी भी प्रकार के उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने जा रही है

(D) किसान रासायनिक कीटनाशकों के प्रतिबंध के विरुद्ध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं

**80.** नीचे दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निर्णय लें कि कौन-सा निष्कर्ष कथन का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन :** किसी विशेष क्षेत्र के निवासियों के आम विरोध करते हुए कहा कि उस क्षेत्र में दंगों पर प्रस्तुत रिपोर्ट को पूर्वाग्रहों के आधार पर मनगढ़ंत रूप से प्रस्तुत किया गया है और आयोग ने पूर्ण घटना का विवरण नहीं दिया है।

**निष्कर्ष :**

I. उचित जांच के लिए कोई दूसरा जांच आयोग स्थापित किया जाना चाहिए।

II. आयोग के सदस्यों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

III. अगले स्थापित आयोग में केवल उस क्षेत्र के निवासियों को शामिल किया जाना चाहिए।

(A) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(B) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं
(C) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(D) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**81.** यहाँ दिए गए कथन पर विचार करें और निर्णय लें कि प्रस्तुत धारणाओं में से कौन कथन में निहित है।

**कथन :** सामयिक विषय (करंट अफेयर्स) की कुशल तैयारी के लिए रोजाना अखबार से नोट्स बनाने चाहिए।

**धारणायें :**

I. समाचार पत्रों के बिना सामयिक विषय (करंट अफेयर्स) की तैयारी कुशलता के साथ नहीं की जा सकती है।

II. रोजाना करंट अफेयर्स के नोट्स बनाने से अच्छी तरह से तैयारी में मदद मिलती है।

(A) सिर्फ धारणा I कथन में निहित है
(B) सिर्फ धारणा II कथन में निहित है
(C) या तो धारणा I या II कथन में निहित है
(D) न तो धारणा I और न ही II कथन में निहित है

**82.** उस घन (क्यूब) का चयन करें जो निम्नलिखित शीट को रेखाओं के अनुदिश मोड़कर (फोल्ड) करके नहीं बनाया जा सकता है।



(A)  (B) 

(C)  (D) 

**83.** उस घन (क्यूब) का चयन करें जो निम्नलिखित शीट को रेखाओं के अनुदिश फोल्ड करके नहीं बनाया जा सकता है।



(A)  (B) 

(C)  (D) 

**84.** नीचे दिये गए वेन आरेख का अध्ययन करें और पहचानें कि कौन–सा विकल्प आरेख के सन्दर्भ में सही है।



(A) कुछ पक्षी वायुयान नहीं हैं
(B) सभी वायुयान पक्षी हैं
(C) सभी पक्षी उड़ सकते हैं
(D) कुछ वायुयान उड़ सकते हैं

**85.** दीपिका, प्रियंका की सास है जिनके पति, रणबीर की पत्नी के ससुर हैं। सलमान, दीपिका के पति का इकलौता बेटा है, जबकि कैटरीना, रणबीर की माँ की इकलौती बेटी है। सलमान का कैटरीना से क्या सम्बन्ध है ?

(A) पति (B) भाई
(C) पिता (D) दादा

**86.** आपका एक वरिष्ठ अधिकारी आपको पसन्द नहीं करता। इससे आपका कार्य प्रभावित होता है। आप इस स्थिति को किस प्रकार संभालेंगे ?

(A) उससे उच्चतर अधिकारी से शिकायत करके।
(B) निजी तौर पर एकान्त में उससे बात करके।
(C) उसकी अनदेखी करके अपने कार्य पर ध्यान देकर।
(D) नौकरी से त्याग–पत्र देकर।

**87.** आपका अधीनस्थ छुट्टी चाहता है पर उसकी अनुपस्थिति में आपके कार्यालय का काम प्रभावित होगा, क्योंकि वह उस काम के लिए मुख्य व्यक्ति है। आपको चाहिए कि–

(A) उसके मामले को अपने उच्च वरिष्ठ को सन्दर्भित कर दें
(B) छुट्टी मंजूर कर दें।
(C) दूसरे व्यक्ति को उसका काम करने को कहें।
(D) उससे मिलें, छुट्टी के कारण के बारे में चर्चा करें और उसकी उपस्थिति की आवश्यकता के लिए उसे मनाने का प्रयास करें।

**88.** बस पर चढ़ते समय कोई व्यक्ति अचानक आप पर चिल्लाने लगता है। आप–

(A) भी उस पर वैसे ही चिल्लायेंगे।
(B) कण्डक्टर से उसे शान्त करने के लिए कहेंगे
(C) चिल्लाने का कारण जानकर मामले को शान्त करेंगे।
(D) उस पर क्रोध करेंगे और उसे शान्त करेंगे।

**89.** आप अपनी बीमार माताजी के लिए दवा लेने जा रहे हैं। कुछ दूर जाने के बाद किसी तेज वाहन से कुचल गए बच्चे को आप देखते हैं जिसका चालक भागने की कोशिश कर रहा है। आप क्या करेंगे ?

(A) तत्काल घायल बच्चे को पास के अस्पताल में ले जायेंगे।
(B) वाहन चालक को पकड़ने की कोशिश करेंगे।
(C) पुलिस को घटना के बारे में सूचित करेंगे।
(D) घायल बालक के माता–पिता को सूचित करेंगे।

**90.** आप एक बड़े व्यवसाय वर्ग के निदेशक मण्डल के सदस्य हैं। किसी विशेष मुद्दे पर आप मण्डल के निर्णय से सहमत नहीं हैं। आप–

(A) मण्डल के समक्ष अपना दृष्टिकोण उनके विचार हेतु रखेंगे।
(B) निर्णय को स्वीकार कर लेंगे।
(C) निर्णय को अस्वीकार कर विस्तृत स्पष्टीकरण की माँग करेंगे।
(D) उच्च स्वर में अपना विरोध प्रगट करेंगे।

**91.** आप एक मानवाधिकार कार्यकर्ता हैं और एक प्रसिद्ध संस्थान में कार्य कर रहे है। संस्थान द्वारा हाल ही में अपने कर्मचारियों के लिए एक नया नियम लागू किया गया है, लेकिन यह नियम सदस्यों को बहुत दुःखी कर रहा है। आप–

(A) अपने सहकर्मियों से उक्त नियम के विषय में पूछेंगे। यदि अन्य लोग भी नियम के विषय में समान तरीके से सोचते हैं, तो आप संस्थान के प्रमुख के साथ एक सभा आयोजित करेंगे और अपने विचारों को विस्तारपूर्वक कहेंगे
(B) प्रबन्धन टीम के खिलाफ अपने सभी सहकर्मियों के साथ हड़ताल पर चले जाएँगे
(C) संस्थान के प्रमुख को विनम्रतापूर्वक अपने विचारों से अवगत कराएँगे
(D) अपनी तरफ से एक लिखित शिकायत पेश करेंगे

**92.** आप दिल्ली जल बोर्ड में कार्य करते हैं। आपको किसी नागरिक द्वारा फोन किया जाता है, जो बगैर कुछ जाने, बिजली बिल के बारे में जोर–जोर से बातें करना शुरू कर देता है वह चिल्लाना और शिकायत करना शुरू कर देता है। आप क्या करेंगे ?

(A) बिना सुने फोन नीचे रख देंगे
(B) उससे कहेंगे यह विद्युत–समिति (Electricity board) नहीं है और फोन नीचे रख देंगे
(C) उससे कड़े शब्दों में कहेंगे कि उसने गलत नम्बर लगाया है और फोन रख देंगे
(D) आपसे जितना बन पड़ता है उसकी मदद करेंगे और उसे सही नम्बर दे देंगे

**93.** आपको एक जिले में जिला अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है जहाँ बड़े स्तर पर आधारभूत संरचना के निर्माण का कार्य चल रहा है। एक दिन आपको किसी के द्वारा फोन किया जाता है कि एक दुर्घटना में कई सारे मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं। जब आप वहाँ पहुँचते हैं, तो मजदूरों, उनके रिश्तेदारों तथा मीडिया वालों की भारी भीड़ मिलती है। आप–

(A) विशेषज्ञों के साथ एक सभा करेंगे और बचाव दल को अग्रगामी कार्यों हेतु निर्देश देंगे
(B) भीड़ को उक्त स्थान को खाली करने के लिए कहेंगे
(C) उस आधारभूत परियोजना के अधिकारी को बुलाएँगे
(D) यह सुनिश्चित करेंगे कि कितने मजूदर कार्य कर रहे थे और उनमें से कितने घालय हुए हैं ताकि आगे का कदम उठाया जा सके

94. आप एक गाँव के जिला मजिस्ट्रेट हैं। एक दिन आप किसी महत्वपूर्ण परियोजना की वहज से बहुत व्यस्त हैं। आप देखते हैं कि कुछ ग्रामीण लोग काफी लम्बे समय से कार्यालय के बाहर खड़े होकर इन्तजार कर रहे हैं। आप अपने अधीनस्थ से मामले के बारे में पूछताछ करते हैं और वह आपको बताता है कि ग्रामीण लोग किसी समस्या को लेकर आए हैं और व्यक्तिगत रूप से आपसे मिलना चाहते हैं। आप–

(A) ग्रामीणों को अपने पास बुलाएँगे और उनकी बात सुनेंगे, उन्हें यह आश्वस्त करेंगे कि आप उनकी समस्या की जाँच– पड़ताल करेंगे

(B) ग्रामीणों को कहेंगे कि आपके पास आज समय का अभाव है, इसलिए वे कल आएँ

(C) अपना कार्य करते रहेंगे क्योंकि यह महत्वपूर्ण है

(D) ग्रामीणों को यह बताएँगे कि उन्हें सीधे–सीधे स्वयं नहीं आना चाहिए और आने से पहले मिलने का तय समय पूछ लेना चाहिए

95. एक खण्ड विकास पदाधिकारी एक गाँव में जाकर ग्रामीणों को आने वाले कुछ महीनों में वहाँ स्थापित होने जा रहे भव्य इस्पात उद्योग के विषय में सूचना देता है। जैसे ही, वह गाँव पहुँचता है, उसे गाँव वालों के विरोध और प्रतिकार का सामना करना पड़ता है। लोग उस योजना के विरुद्ध प्रतिकार कर रहे हैं और अपनी जमीनों पर अपने अधिकारों की माँग कर रहे हैं। वे किसी भी तरह से उसकी बात नहीं सुन रहे हैं। बीडीओ को क्या करना चाहिए ?

(A) उसे गाँव से वापस लौट जाना चाहिए, क्योंकि ऐसी परिस्थिति में गाँव वालों को समझा पाना उसके लिए असम्भव है

(B) उससे सम्बन्धित पुलिस थाने को स्थिति शान्त कराने हेतु सूचित करना चाहिए

(C) उसे लोगों की शिकायतें सुननी चाहिए, उनसे उनकी माँगों पर विचार–विर्मश करने का वादा करना चाहिए और उक्त मामले को उच्चतर प्राधिकरण को प्रेषित करने का भरोसा दिलाना चाहिए और फिर उसे अपने आने के कारणों को समझाना चाहिए

(D) उसे गाँव से लौट जाना चाहिए एवं उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना देनी चाहिए

## सामान्य अध्ययन

### निर्देश (प्रश्न संख्या 96 से 98 तक)

नीचे दी गयी जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारतीय क्रिकेट टीम के लिए प्रमुख कोच के चयन के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं वह शर्तें हैं–

1. उम्मीदवार को सफलतापूर्वक प्रथम श्रेणी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईसीसी के सदस्य देशों में से किसी एक की क्रिकेट टीम को प्रशिक्षित कर चुके होना चाहिए।
2. उम्मीदवार पूर्ण सदस्य देशों में से किसी एक द्वारा किए गए प्रमाणन/आंकलन कार्यक्रम के माध्यम से योग्य साबित होना चाहिए और वर्तमान में उनके पास इस तरह का एक वैध प्रमाण पत्र होना चाहिए।
3. एक अंतर्राष्ट्रीय टीम के कोच के लिए उपयुक्त संवाद कौशल जो अनिवार्य है प्रभावी ढंग से सही संदेश संप्रेषित करने के लिए और अंग्रेजी में दक्षता का प्रदर्शन कर सके।
4. उम्मीदवार का, आईसीसी या उसके सहयोगी संगठनों के सदस्य बोर्डों के साथ कोई भी पिछला या वर्तमान विवाद से रहित, एक निर्दोष व्यक्तिगत रिकॉर्ड होना चाहिए।

एक व्यक्ति का भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच के रूप में चयन किया जाता है, अगर वह निम्नवर्णित को छोड़कर उपरोक्त सभी मानदंडों को पूरा करता है।

(a) उम्मीदवार किसी भी एक मापदंड को पूरा नहीं कर पाता है, लेकिन उसका नाम सभी 3 क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा शामिल करने के लिए कहा जाता है तो वह प्रमुख कोच के रूप में चुना जा सकता है।

(b) उम्मीदवार के पास किसी भी तरह का कोचिंग अनुभव नहीं है, लेकिन वह आईसीसी विश्व कप विजेता टीम का कप्तान था तो उसके मामले को बीसीसीआई के सचिव के पास भेजा जा सकता है।

(c) उम्मीदवार के पास अंग्रेजी में दक्षता नहीं है, लेकिन वह हिन्दी और अन्य क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है फिर उसके मामले को क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यों के पास भेजा जा सकता है।

96. निम्न मामले में क्या निर्णय लेना चाहिए ?

जाफर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भारतीय रेलवे टीम को प्रशिक्षित किया है और उसके पास आईसीसी का प्रमाण पत्र है और अच्छी तरह से अंग्रेजी में संवाद स्थापित करने में निपुण है और विवादों में फंसने का उसका कोई रिकॉर्ड नहीं है।

(A) जानकारी अपर्याप्त

(B) उम्मीदवार का चयन होना है

(C) क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यों/ बीसीसीआई के सचिव के लिए निर्दिष्ट किया जाना है

(D) उम्मीदवार का चयन नहीं होना है

97. निम्न मामले में क्या निर्णय लेना चाहिए ?

पांडे भारतीय टीम में एक खिलाड़ी है और किसी टीम की कोचिंग का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन उनका नाम 3 क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यों द्वारा शामिल किया गया है।

(A) जानकारी अपर्याप्त

(B) उम्मीदवार का चयन नहीं होना है

(C) क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यों/ बीसीसीआई के सचिव के लिए निर्दिष्ट किया जाना है

(D) उम्मीदवार का चयन होना है

98. निम्न मामले में क्या निर्णय लेना चाहिए ?

सूर्या राहुल ने घरेलू क्रिकेट में मुंबई टीम को प्रशिक्षित किया है और उनके पास आईसीसी का प्रमाण पत्र है और उनके पास अंग्रेजी में दक्षता नहीं है, लेकिन वह हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम है।

(A) उम्मीदवार का चयन नहीं होना है

(B) क्रिकेट सलाहकार समिति के सदस्यों/ बीसीसीआई के सचिव के लिए निर्दिष्ट किया जाना चाहिए

(C) जानकारी अपर्याप्त है

(D) उम्मीदवार का चयन होना है

### निर्देश (प्रश्न संख्या 99 एवं 100 के लिए)

निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें–

एक संस्था द्वारा कॉलेज के प्रिंसिपल के चयन के लिए निम्न मानदण्ड हैं : उसे/उसके पास

I. किसी भी विषय में पीएचडी पूरी की होनी चाहिए।

II. एक संस्था में प्रधानाचार्य के रूप में कम–से–कम 8 साल का काम का अनुभव होना चाहिए।

III. 1 अक्टूबर, 2016 को 45 साल से कम और 65 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

IV. कुल में 60% अंक के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की पढ़ाई पूरी की होनी चाहिए।

हालांकि, यदि एक उम्मीदवार सभी उपर्युक्त मानदण्डों को पूरा करता है, सिवाय

A. (i) ऊपर, लेकिन अगर उसके पास 15 से अधिक वर्षों का कार्य अनुभव है, तो उसके मामले को संस्था के डीन के पास भेजा जाएगा।

B. (ii) ऊपर, लेकिन अगर उसके पास प्रशासन विभाग की जानकारी है, तो उसके मामले को संस्था के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

99. उनके मामले में क्या निर्णय लेना है ?

संदीप सिंह ने क्रमशः कुल में 70% और 65% अंकों के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की डिग्री को पूरा कर लिया है। उन्हें प्रधानाचार्य के

रूप में 16 साल का अनुभव है। उनके पास पीएच.डी. की डिग्री नहीं है। वो 59 साल के हैं।

(A) दी गयी जानकारी अपर्याप्त है।

(B) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

(C) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा।

(D) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है।

**100.** उनके मामले में क्या निर्णय लेना है ?

शिव रामकृष्णन ने गणित में पीएच.डी. किया है, और शिक्षण में 16 वर्ष का अनुभव है और अभी वह प्रतिष्ठित संस्था में प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने कुल में क्रमशः 60% और 63% अंकों के साथ स्नातकोत्तर और स्नातक की पढ़ाई की है। वह 56 साल के हैं।

(A) दी गयी जानकारी अपर्याप्त है।

(B) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा।

(C) उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा।

(D) उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में चयन किया जाना है।

# व्याख्यात्मक हल

## हिन्दी

**1.** (D) 'बात कहने का तरीका'– अपनी बात कहने के सन्दर्भ में सबसे महत्त्वपूर्ण चीज है। अगर आपकी बात सुनकर महसूस करे तो क्या फायदा।

**2.** (D) यदि कहने-सुनने वाले सक्रिय न हों तो किसी बात का कहने का फायदा ही क्या चाहे आप कितनी भी अहम् बात क्यों न कहें। अतः विकल्प (D) सही है।

**3.** (C) खामोशी बोलने लगती है। इसका तात्पर्य है कि जब कुछ बच्चे धीरे-धीरे बोलना बंद कर देते हैं तो बाकी बच्चों को पता चल जाता है कि उन्हें भी शान्त होना है।

**4.** (A) लेखिका के अनुसार– 'एक शिक्षक अपने बच्चों को बहुत अच्छी तरह जानता है।

माँ के बाद शिक्षक ही होता है, जिसके साथ वो दिन का एक लम्बा हिस्सा तथा जिंदगी के महत्वपूर्ण वर्ष व्यतीत करता है।

**5.** (A) स्योम्का और फेदूका दोनों ही विद्यार्थियों के नाम हैं।

**6.** (B) जिसका उपयोग बच्चे रोजमर्रा के जीवन में न करते हों।

क्योंकि रोजमर्रा में जीये जाने वाला जीवन एवं शिक्षा ही व्यक्ति के भविष्य का निर्माण करने में उसकी मदद करते हैं।

**7.** (A) विकल्प (A) ''आत्मिक विकास नहीं कर सकते'' सही है।

जानकारी हासिल होने से बच्चे के मानसिक ज्ञान में वृद्धि हो सकती, लेकिन आत्मिक विकास परिवार, समाज; देश तथा स्वयं के व्यवहार और तौर–तरीकों से ही होता है।

**8.** (D) बच्चे बहुत कुछ स्वतः ही तभी सीख जाते हैं, जब वे चीजों को व्यवहार में लाते हैं।

**9.** (C) क्योंकि ये बातें व्यावहारिक जीवन को प्रमाणित नहीं करती हैं, प्रभावित करती हैं।

**10.** (A) **जिजीविषा**–जिजीविषा का अर्थ है कि किसी व्यक्ति/वस्तु/जीव के प्रति या मोहवश जीने की प्रबल आकांक्षा/इच्छाशक्ति से होता है, जो किसी को भी जीवन के प्रति प्रेम की जिज्ञासा को उत्पन्न करती है।

**11.** (D) **ऐश्वर्य**

- अमीर होने की अवस्था या भाव
- धन–दौलत और जायदाद आदि जो किसी के अधिकार में हों और जो खरीदी और बेची जा सकती है।

**12.** (B) **आहुति**

- आहुति देने की वस्तु
- पूजन के समय मंत्र द्वारा किसी देवता को अपने निकट बुलाने का कार्य।
- मंत्र पढ़कर कुछ निश्चित पदार्थ अग्नि में डालने की क्रिया।
- यज्ञ या हवन की अग्नि प्रच्वलित रखने के लिए उसमें बार–बार कोई जलने वाली अच्छी चीज डालते रहना।

**13.** (D) **वाल्मीकि**–वाल्मीकी प्राचीन भारतीय भगवान हैं। ये आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध है। उन्होंने संस्कृत में रामायण की रचना की। उनके द्वारा रची रामायण वाल्मीकि रामायण कहलाई। रामायण एक महाकाव्य है जो कि राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य से, कर्तव्य से, परिचित करवाता है।

**14.** (B) **अक्षर**–वर्ण और स्वर के मेल से अक्षर निर्मित होता है।

**15.** (C) **अनुच्छेद**–किसी भी शब्द, वाक्य, सूत्र से संबद्ध विचार एवं भावों को अपने अर्जित ज्ञान, निजी अनुभूति से संजोकर प्रवाहमयी शैली के माध्यम से गद्य भाषा में अभिव्यक्त करना अनुच्छेद कहलाता है।

**16.** (B) **पूँजीवाद**

1. एक ऐसी आर्थिक व्यवस्था जिसमें निजी उद्योगों को बढ़ावा दिया जाता है।
2. एक ऐसी आर्थिक–राजनीति व्यवस्था जिसमें उद्योग–व्यवस्था का नियंत्रण राज्य के हाथों में न होकर निजी क्षेत्रों के हाथों में होता है जिसका मुख्य उद्देश्य मुनाफा कमाना होता है।

**17.** (C) **अन्तर्निहित**

- जो पूरी तरह से समाहित या अपने अंतर्गत कर लिया गया हो।
- जो अन्दर स्थायी रूप से स्थित हो।

**18.** (D) **परीक्षा**

- योग्यता, विशेषता, सामर्थ्य, गुण आदि जानने के लिए अच्छी तरह से देखने या परखने की क्रिया या भाव।
- वह प्रक्रिया जिससे प्राचीन न्यायालय किसी अभियुक्त अथवा साक्षी के सच्चे या झूठे होने का पता लगाते हैं।
- वस्तुओं के सम्बन्ध में, उनकी उपयोगिता, टिकाऊपन आदि जानने के लिए उनका उपयोग या व्यवहार किया जाना।

**19.** (A) **षड्यन्त्र**

- किसी के विरुद्ध गुप्त रूप से की जाने वाली कार्रवाई।
- कपटपूर्ण आयोजन
- वह योजना जो कुछ लोग सामूहिक रूप से कोई अनुचित तथा अपराधपूर्ण काम करने के लिए बनाते हैं।
- कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए गुप्त रूप से की जाने वाली कार्रवाई।

**20.** (A) **आह्लाद**

- खुशी–प्रसन्नता, हर्ष, उत्साह, आनन्द
- उल्लास, परमानन्द

**21.** (D) **रचयिता**

- रचना या करने या बनाने वाला
- लेखक निर्माता, आविष्कारक, ग्रन्थकर्ता
- सृष्टिकर्ता–जगत्कर्ता, विधाता, सिरजनहार

**22.** (C) **महात्म्य**

- किसी का महत्व बढ़ने की अवस्था या भाव
- वह तत्व जिससे किसी वस्तु की आपेक्षिक श्रेष्ठता उपयोगिता या आदर घटता या बढ़ता हो।

**23.** (A) **आशीर्वाद**

- कल्याण या मंगल की कामना का सूचक शब्द या भाव।
- किसी की मंगल कामना के लिए बड़ों की ओर से कहे हुए शुभ वचन।
- (संस्कृत = आशिस + वाद) स्वस्तिवाचन, मंगलकारी की बातें,

सद्भावना की अभिव्यक्ति, प्रार्थना या कल्याणकारी इच्छा को आशीर्वाद कहते हैं।

**24.** (C) **अभ्यस्त**

- जिसे किसी चीज की आदत हो।
- वह जो किसी कार्य को करने की विशेष योग्यता रखता हो।
- जो किसी कार्य को करने में विशेष योग्यता रखता हो जिसने किसी काम या बात का अच्छा अभ्यास किया हो।

**25.** (B) **क्रिया**—किसी कार्य के होने या करने का बोध कराने वाले शब्दों को क्रिया कहते हैं जैसे—चीता तेज दौड़ रहा है।

**26.** (C) 'श्याम रोता है' में सकर्मक क्रिया नहीं है। सकर्मक क्रिया से तात्पर्य है, कर्म के साथ। जिस क्रिया का प्रभाव कर्ता पर न पड़कर कर्म पर पड़े, सकर्मक क्रिया के अंतर्गत आता है। उदाहरण– वह आम खा रहा है। 'खाना' क्रिया के साथ आम कर्म है। अतः खाना सकर्मक क्रिया है।

**27.** (C) संज्ञा आदि शब्दों के जिस रूप से किसी एक वस्तु का दूसरी वस्तु से सम्बन्ध प्रकट हो, वह संबंध कारक कहलाता है इसकी विभक्ति है—का, के, की, रा, रे, री। उपर्युक्त वाक्य में मेरे और उसके के मध्य संबंध निरूपित है।

**28.** (C)

**29.** (A) **करण कारक**—'करण' का अर्थ होता है— साधन या माध्यम। क्रिया के करने अथवा सर्वनाम पद करण कारक कहलाते हैं; जैसे—सौम्या ने पेन से लिखा।

**30.** (B) करण कारक निरूपित है, जिस साधन से अथवा जिसके द्वारा क्रिया पूरी की जाती है, करण कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न 'से' है।

## गणित

**31.** (A) माना, कुल सामान $= x$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{x}{3}\times\frac{15}{100}+\frac{x}{4}\times\frac{20}{100}-\frac{5x}{12}\times\frac{20}{100}$$

$= 136.50$

$$\frac{60x+60x-100x}{1200} = 138.50$$

$$\frac{20x}{1200} = 138.50$$

$x =$ ₹ 8310

**32.** (C) A की औसत बिक्री

$$= \frac{98+94+80+95+110+115}{6}$$

$= 98.66$

अतः D की बिक्री A की औसत बिक्री से केवल 2 वर्षों में ज्यादा है– 2013 तथा 2017 में।

**33.** (A) 2014 में B, C तथा D प्रोडक्टों की बिक्री से कम्पनियों का राजस्व

$= 92 + 96 + 92$

$=$ ₹ 280 करोड़

C तथा D का सभी वर्षों में कुल राजस्व

$= 82 + 98 + 96 + 88 + 93 + 103 + 74 + 102 + 92 + 93 + 97 + 102$

$=$ ₹ 1120 करोड़

अभीष्ट प्रतिशत $= \dfrac{280\times 100}{1120}$

$= 25\%$

**34.** (C) माना B की आय $= x$

A की आय $= 0.4x$

माना B का खर्च $= y$

A का खर्च $= 0.6y$

A की आय $= \dfrac{70}{100}\times y$

$0.4x = 0.7y$

$$\frac{x}{y} = \frac{7}{4}$$

$$\frac{\text{A की बचत}}{\text{B की बचत}} = \frac{0.4x-0.6y}{x-y}$$

$$= \frac{0.4\frac{x}{y}-0.6}{\frac{x}{y}-1}$$

$$= \frac{0.4\times\frac{7}{4}-0.6}{\frac{7}{4}-1}$$

$$= \frac{0.7-0.6}{\frac{3}{4}}$$

$$= \frac{0.1\times 4}{3}$$

$$= \frac{2}{15}$$

$= 2 : 15$

**35.** (D) माना मूलधन $=$ ₹ $x$

एक वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज – आधा वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज $=$ ₹ 88.50

$$x\left[\left(1+\frac{5}{100}\right)^2-1\right]-x\left[\left(1+\frac{10}{100}\right)-1\right] = 88.80$$

$$x\times\left[\left(\frac{21}{20}\right)^2-1\right]-x\left[\frac{10}{100}\right] = 88.80$$

$$\frac{41x}{400}-\frac{10x}{100} = 88.80$$

$x = 400 \times 88.80$

$x = 35520$

साधारण ब्याज $= \dfrac{35520\times 10\times\frac{5}{3}}{100}$

$=$ ₹ 5920

**36.** (A) 2012 तथा 2013 में A, B, D की बिक्री से प्राप्त राजस्व

$= 98 + 94 + 74 + 96 + 74 + 102$

$=$ ₹ 538 करोड़

2013 से 2016 तक B की बिक्री से प्राप्त राजस्व

$= 96 + 92 + 84 + 98$

$=$ ₹ 370 करोड़

अभीष्ट $= \dfrac{538-370}{370}\times 100$

$= 45.4\%$

**37.** (C) माना समूह में लड़कों की संख्या $= 7x$

लड़कियों की संख्या $= 6x$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{7x+4}{6x-3} = \frac{4}{3}$$

$21x + 12 = 24x - 12$

$3x = 24$

$x = 8$

समूह में कुल लड़के तथा लड़कियाँ

$= 7x + 6x$

$= 13x$

$= 13 \times 8$

$= 104$

**38.** (D) धारा की चाल = 3 किमी/घंटा

माना नाव की चाल $= x$ किमी/घंटा

प्रश्नानुसार,

$$\frac{13}{x+3} = \frac{7}{x-3}$$

$13x - 39 = 7x + 21$

$6x = 60$

$x = 10$ किमी/घंटा

अभीष्ट समय $= \dfrac{44.8}{10}$

$= \dfrac{448}{100}$

$= \dfrac{112}{25}$

$= 4\dfrac{12}{25}$ घंटे

**39.** (D) 2014 में सभी प्रोडक्टों से प्राप्त राजस्व

= 80 + 92 + 96 + 92

= ₹ 360 करोड़

2014 से 2017 तक C से प्राप्त राजस्व

= 96 + 88 + 93 + 103

= ₹ 380 करोड़

अभीष्ट अनुपात = $\frac{360}{380}$

= 18 : 19

**40.** (C) कुछ छात्रों का औसत वजन = 58.4 किग्रा

माना कुछ छात्र = $x$

तब वजन = $x \times 58.4$

= $58.4x$ किग्रा

5 छात्रों का औसत वजन = 62.8 किग्रा

5 छात्रों का कुल वजन = 5 × 62.8

= 314.0 किग्रा

कुल छात्र = $(x + 5)$

कुल वजन = $58.4x + 314$

प्रश्नानुसार,

$$\frac{58.4x+314}{x+5} = 58.4 + 0.55$$

$58.4x + 314 = (58.95)x + 294.75$

$0.55x = 19.25$

$x = 35$

**41.** (D) $$\frac{5\frac{1}{2} \div 3\frac{2}{3} \text{ का } \frac{1}{4} + \left(5\frac{1}{9} - 7\frac{7}{8} \div 9\frac{9}{20}\right) \times \frac{9}{11}}{5 \div 5 \text{ का } \frac{1}{10} - 10 \times 10 \div 20}$$

$$= \frac{\frac{11}{2} \div \frac{11}{3} \times \frac{1}{4} + \left(\frac{46}{9} - \frac{63}{8} \times \frac{20}{189}\right) \times \frac{9}{11}}{5 \div \frac{1}{2} - 10 \times \frac{1}{2}}$$

$$= \frac{\frac{11}{2} \times \frac{12}{11} + \left(\frac{46}{9} - \frac{5}{6}\right) \times \frac{9}{11}}{5 \times 2 - 5}$$

$$= \frac{6 + \frac{77}{18} \times \frac{9}{11}}{5}$$

$$= \frac{6 + \frac{7}{2}}{5}$$

$$= \frac{19}{10}$$

$$= 1\frac{9}{10}$$

**42.** (B) A तथा B द्वारा 1 दिन में किया गया कार्य

$= \frac{1}{d}$

A द्वारा एक दिन में किया गया कार्य

$= \frac{1}{8+d}$

B द्वारा एक दिन में किया गया कार्य

$= \frac{1}{18+d}$

$\because \frac{1}{d} = \frac{1}{8+d} + \frac{1}{18+d}$

$\frac{1}{d} = \frac{18+d+8+d}{(8+d)(18+d)}$

$\frac{1}{d} = \frac{26+2d}{(8+d)(18+d)}$

$144 + 26d + d^2 = 26d + 2d^2$

$d^2 = 144$

$d = 12$ दिन

A द्वारा 4 दिन में किया गया कार्य

$= \frac{4}{20} = \frac{1}{5}$

शेष कार्य = $1 - \frac{1}{5} = \frac{4}{5}$

B द्वारा एक दिन में किया गया कार्य

$= \frac{1}{30}$

B शेष कार्य पूरा करेगा = $\frac{4}{5} \times 30$

= 24 दिन में

**43.** (B) $30x^2 - 15x + 1 = 0$

$6x\left(5x - \frac{15x}{6x} + \frac{1}{6x}\right) = 0$

$5x + \frac{1}{6x} = \frac{5}{2}$

दोनों पक्षों का वर्ग करने पर,

$\left(5x + \frac{1}{6x}\right)^2 = \frac{25}{4}$

$25x^2 + \frac{1}{36x^2} + 2 \times 5x \times \frac{1}{6x} = \frac{25}{4}$

$25x^2 + (36x^2)^{-1} = \frac{25}{4} - \frac{10}{6}$

$= \frac{75-20}{12}$

$= \frac{55}{12}$

**44.** (B)

| | A | B | C | D | E | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013 | 22 | 18 | 32 | 40 | 18 | 130 |
| 2014 | 32 | 43 | 26 | 35 | 34 | 170 |
| | 54 | 61 | 58 | 75 | 52 | 300 |

D प्रकार की कार = $\frac{75}{300} \times 100 = 25\%$

**45.** (D) क्षेत्रफल में % वृद्धि = $x + y + \frac{xy}{100}$

$x = 40 - 20 - \frac{40 \times 2}{100}$

$x = 20 - 8$

$x = 12\%$

**46.** (A) 2015 में कुल कार = 100

कुल कार का 20%

$= 100 \times \frac{20}{100}$

= 20

E प्रकार की कार = 20

अतः E प्रकार की कार कुल कार का 20% रखती है।

**47.** (B) माना, रेलगाड़ी की ल. = $d$ मी

चाल = $\frac{d}{12}$ मी/से.

पुल की ल. = 170m

अतः चाल = $\frac{d+170}{36}$

∵ रेलगाड़ी की चाल समान होगी

$\therefore \frac{d}{12} = \frac{d+170}{36}$

$3d = d + 170$

$2d = 170$

$d = 85$ मी

रेलगाड़ी की चाल = $\frac{85}{12}$ मी/से

$= \frac{85}{12} \times \frac{18}{5}$

= 25.5 किमी/घंटा

**48.** (B) माना, 6 संख्याएँ $a, b, c, d, e, f$ हैं

प्रश्नानुसार,

$a + b + c + d + e = 7f$ ...(i)

तथा $\frac{a+b+c+d+e+f}{6} = 136$

$\frac{7f+f}{6} = 136$ [समी. (i) से]

$8f = 816$

$f = 102$

अतः $6^{th}$ संख्या = 102

**49.** (C) कुल छात्र = 640

लड़के, लड़कियाँ = 5 : 3

अतः लड़के = $\frac{5}{8} \times 640 = 400$

लड़कियाँ = $\frac{3}{8} \times 640 = 240$

माना $x$ लड़के प्रवेश लेते हैं।

प्रश्नानुसार

$\frac{400+x}{240+30} = \frac{14}{9}$

$$\frac{400 + x}{270} = \frac{14}{9}$$

$$400 + x = 420$$

$$x = 20$$

अतः प्रवेश लेने वाले लड़कों की संख्या = 20

**50.** (B) 2012 में कुल कार = 120

2016 में कुल कार = 180

$$\% \text{ वृद्धि} = \frac{180 - 120}{120} \times 100$$

= 50%

## तार्किक क्षमता

**51.** (D) जिस प्रकार 'तरकश' में तीर रखे जाते हैं। उसी प्रकार 'म्यान' में तलवार रखी जाती है।

**52.** (B) दी गई अंक शृंखला का पैटर्न निम्नवत् है–




अतः शृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर 815 आयेगा।

**53.** (A) दी गई बैठक व्यवस्था के अनुसार,




प्रश्न की शर्तों के आधार पर विकल्प (B), (C) तथा (D) में दिए गए कथन सत्य हैं, जबकि विकल्प (A) में दिया गया कथन असत्य है।

क्योंकि C, A के बायीं ओर दूसरा है, जबकि विकल्प (A) में कहा गया है, कि C, A के ठीक बायीं ओर है।

**54.** (A) दी गई शृंखला निम्नवत् है–

बायाँ @ J @ 1 # 2 K 3 6 $ L 2 4 2 R




अतः दाएँ से तीसरी संख्या 4 है, जिसके बाएँ को 7वाँ अक्षर/प्रतीक/संख्या = 4 है।

**55.** (C)




अतः दो युग्म DE तथा NR हैं।

**56.** (D) कथनानुसार,




अतः न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।

**57.** (A) A ÷ B → A, B की माँ है।

B + C → B, C का पिता है।

C – E → C, E का भाई है।

E × F → E, F की बेटी है।

आरेख द्वारा दर्शाने से,




स्पष्ट है, A, F की सास है।

**58.** (B) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




अतः

MOTHERLY → IUPNXKQD

**59.** (B)







अतः स्पष्ट है, बीच का अक्षर = 9

**60.** (B) दिए गए शब्द "VOCABULARY" के अक्षरों का प्रयोग करके शब्द 'CABLE' नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि शब्द 'CABLE' में अक्षर E उपस्थित है, जबकि मूल शब्द में अक्षर E उपस्थित नहीं है।

**61.** (C) दी गई शृंखला में प्रत्येक बॉक्स में अक्षर




के क्रम में अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार आगे बढ़ रहे हैं, तथा बॉक्स के बीच का अक्षर क्रम से छोटा तथा बड़ा होता जाता है। यदि यही क्रम जारी रखा जाए तो अक्षरों का छठा बॉक्स




होगा।

**62.** (D) दी गई अंक शृंखला का पैटर्न निम्नवत् हैं–




**63.** (D)







F का विपरीत वर्ण U है। अतः AFWZ अन्य तीनों से भिन्न है।

**64.** (A) दी गई अक्षरों की शृंखला का पैटर्न निम्नवत् है :




**65.** (A) जिस प्रकार,

1 2 3 4 5 6    2 5 1 6 3 4
D A M S E L → A E D L M S

उसी प्रकार,

1 2 3 4 5 6    2 5 1 6 3 4
V A L O U R → A U V R L O

अतः विकल्प (A) सत्य होगा।

**66.** (C) दी गई संख्या युग्मों (6, 15, 30) तथा (12, 14, 84) में तीसरी संख्या, पहली दो संख्या की गुणज है।

उसी प्रकार संख्या युग्म (12, 16, 48) में भी तीसरी संख्या 48, 12 तथा 16 का गुणज है।

**67.** (A) सांकेतिक भाषा में,




स्पष्ट है, mohu ⇒ और

lyge ⇒ प्रश्न

stoj ⇒ उत्तर

अतः mohu lyge stoj ⇒ प्रश्न और उत्तर

**68.** (C) दिए गए शब्द METALS का दर्पण प्रतिबिम्ब निम्नवत् है :




**69.** (D) आरेख द्वारा दर्शाने पर :




स्पष्ट है, महात्मा गाँधी जंक्शन से अस्पताल का रास्ता पश्चिम से पूर्व की ओर है।

**70.** (C) विकल्पों में दी गई ज्यामितीय आकृतियों का पैटर्न निम्नवत् हैं :

(वृत्त में संख्या)$^2$ + (षट्कोण में संख्या)$^2$ = (वर्ग में संख्या)

विकल्प (A) में,

$(4)^2 + (1)^2 = (16 + 1) = 17$

विकल्प (B) में,

$(3)^2 + (2)^2 = (9 + 4) = 13$

विकल्प (C) में,

$(5)^2 + (4)^2 = (25 + 16) = 41 \neq 34$

विकल्प (D) में,

$(5)^2 + (1)^2 = (25 + 1) = 26$

अतः विकल्प (C) अन्य तीनों से भिन्न हैं।

**71.** (A) कथन के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी को शिकायत मिलती है कि उसके जिले का एक सांसद कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत ले रहा है, इससे यह निष्कर्ष निकलता है, कि पुलिस अधिकारी को मामले की जाँच करनी चाहिए और यदि बात सही है, तो सांसद को रंगे हाथों पकड़ना चाहिए। अतः केवल निष्कर्ष I मेल खाता है, क्योंकि रिश्वत लेना एक बड़ा अपराध है। अतः पुलिस अधिकारी को और शिकायतों का इंतजार न करके तुरंत जाँच करनी चाहिए। अतः निष्कर्ष II मेल नहीं खाता है।

**72.** (B) दिए गए परिच्छेद का अध्ययन करने पर यह अर्थ निकलता है कि पोषण विद् जो संबंधित विषय की शिक्षा एवं अनुभव प्राप्त करके आया है और नाश्ते के लिए उपयोगी पोषक तत्वों वाली चीजों की सलाह दे रहा है, तो लोग उस पोषण विद् द्वारा कही गई बातों पर विज्ञापन की अपेक्षा अधिक विश्वास करेंगे, क्योंकि अधिकतर विज्ञापन कम्पनियाँ अपने उत्पाद की बिक्री हेतु विज्ञापन करती हैं। अतः लोग उन पर इतना विश्वास नहीं करेगें, जबकि पोषण विद् एक टी.वी. शो में केवल सलाह दे रहा है, न कि अपने उत्पाद का विज्ञापन कर रहा है। अतः केवल विकल्प (B) तार्किक रूप से मेल खाता है।

**73.** (B)




मुम्बई जाने वाले लोगों की संख्या = 31

बंगलुरू जाने वाले लोगों की संख्या = 26

∴ केवल मुम्बई जाने वाले लोगों की संख्या = (31 – 12) = 19

केवल बंगलुरू जाने वाले लोगों की संख्या = (26 – 12) = 14

अतः कम–से–कम एक स्थान पर जाने वाले लोगों की संख्या

= (19 + 12 + 14) = 45

∴ न तो मुम्बई न ही बंगलुरू जाने वाले लोगों की संख्या = (100 – 45) = 55

**74.** (D)




फुटबॉल और बॉस्केटबाल दोनों देखने वाले लोग = 45

फुटबॉल और हॉकी देखने वाले लोग = 70

बास्केटबॉल व हॉकी दोनों देखने वाले लोग = 50

∴ दो खेल देखने वाले लोगों की संख्या = (45 + 70 + 50) = 165

प्रश्न से, 50 लोग एक भी खेल नहीं देखते हैं।

∴ एक खेल देखने वाले लोगों की संख्या = (285 + 115 + 195) – 165

= (595 – 165) = 430

∵ 50 लोग कोई भी खेल नहीं देखते हैं।

∴ तीन खेल देखने वाले लोगों की संख्या = (500 – 430) – 50

= (70 – 50) = 20

अतः केवल हॉकी देखने वाले लोगों की संख्या = 195 – (50 + 30 + 20)

= (195 – 100) = 95

केवल फुटबॉल देखने वाले लोगों की संख्या = 285 – (50 + 20 + 25)

= (285 – 95) = 190

केवल बॉस्केटबॉल देखने वाले लोगों की संख्या = 115 – (30 + 20 + 25)

= (115 – 75) = 40

तीनों खेलों में से किसी एक खेल देखने वाले लोगों की संख्या = (95 + 190 + 40)

= 325

**75.** (C) हॉटड्रिंक्स का आनन्द लेने वाले यात्री = 75

आइस–टी का आनन्द लेने वाले यात्री = 62

दोनों का आनन्द लेने वाले यात्री = 40

कुल यात्रियों की संख्या = 120




∴ ऐसे यात्री जो कोई न कोई पेय पदार्थ अवश्य पीते हैं

= (35 + 40 + 22) = 97

∴ कोई पेय पदार्थ न पीने वाले यात्रियों की संख्या = (120 – 97) = 23

**76.** (D)



चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी तो पसन्द करने वाले लेकिन बेनिला को नहीं पसन्द करने वाले अभ्यार्थी = 6

**77.** (C) जिस प्रकार,




उसी प्रकार,




**78.** (B) कथन के अनुसार, राष्ट्रीय कौशल विकास समिति ने अपने प्रशिक्षकों के बीच एक आकलन का आयोजन किया, जिसमें उनका प्रदर्शन अनिवार्य अर्हता से कम प्राप्त हुआ। अतः स्पष्ट है, समिति को खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को हटाकर नए प्रशिक्षक रखने चाहिए। अतः निष्कर्ष II मेल खाता है, जबकि निष्कर्ष I कथन की उचित व्याख्या नहीं करता है।

**79.** (B) दिए गए परिच्छेद में कहा गया है, कि किसान फसल की रक्षा करने के लिए बड़ी मात्रा में सस्ते रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हैं तथा कीट कुछ समय बाद, रसायनों से अपने को प्रतिरक्षित कर लेते हैं और इसलिए किसानों को उन्हें नष्ट करने के लिए अधिक हानिकारक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। अतः इससे निष्कर्ष निकलता है, कि किसान रसायनों के प्रयोग पर अत्यधिक आश्रित हो गए हैं, जिससे लम्बे समय में न केवल कीटों का विकास हुआ है, बल्कि उन्होंने रसायनों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित कर ली है। अतः केवल विकल्प (B) तार्किक रूप से मेल खाता है।

**80.** (D) कथनानुसार दंगों पर प्रस्तुत की गई रिपोर्ट पर किसी विशेष क्षेत्र के निवासियों ने आम विरोध दर्ज किया है। अतः स्पष्ट है कोई विशेष (खास) विरोध दर्ज नहीं किया गया है। इस तरह की घटनाओं की रिपोर्टों पर अक्सर लोग थोड़ा विरोध करते हैं।

अतः तीनों ही निष्कर्ष कथन के अनुसार सही नहीं हैं।

**81.** (B) कथन के अनुसार ''सामयिक विषय की कुशल तैयारी के लिए रोजाना अखबार के नोट्स बनाने चाहिए।'' इस कथन के आधार पर केवल धारणा II कथन में निहित है। क्योंकि रोजाना करेंट अफेयर्स के नोट्स बनाने से अच्छी तरह से तैयारी में मदद मिलती है, जबकि धारणा I पूर्णतः गलत है क्योंकि यह नहीं कहा जा सकता है, कि समाचार पत्रों के बिना सामयिक विषय की तैयारी कुशलता से नहीं की जा सकती है, क्योंकि समाचार पत्रों के अलावा दूसरे विकल्प भी उपलब्ध हो सकते हैं।

**82.** (A) दिए गए घन के जाल में,




अतः




स्पष्ट है, आकृति (A) में  तथा  संलग्न फलनों पर स्थित हैं, जबकि यें विपरीत फलक पर होने चाहिए। अतः उत्तर आकृति (A) नहीं बनाई जा सकती है।

**83.** (B) दिए गए घन के जाल में




अतः




यहाँ सभी आकृतियाँ जाल के अनुसार सही हैं। अतः विकल्प (B) की आकृति जाल से प्राप्त करने पर,



इससे घन बनाने पर



अतः आकृति (B) नहीं हो सकती है।

**84.** (D) वेन आरेख के अनुसार, कुछ वायुयान उड़ सकते हैं। जोकि सही है। अतः विकल्प (D) सही है।

**85.** (C) 


अतः सलमान, कैटरीना का पिता लगेगा।

**86.** (C) आपका एक वरिष्ठ अधिकारी आपको पसंद नहीं करता है ऐसी स्थिति में आप उसकी अनदेखी करके अपने कार्य पर ध्यान देकर स्थिति को संभालने का कार्य करेंगे।

**87.** (D) परिस्थिति में यही अपेक्षित है कि आप अपने अधीनस्थ से मिलकर छुट्टी के कारणों के बारे में चर्चा करें और उसे उपस्थिति की आवश्यकता के लिए मनाने का प्रयास करें।

**88.** (C) बस पर चढ़ते समय यदि कोई व्यक्ति अचानक आप पर चिल्लाने लगता है तो आपको सर्वप्रथम चिल्लाने का कारण जानकर मामले को शान्त करने का प्रयास करना चाहिए।

**89.** (A) प्रश्नगत परिस्थिति में घायल बच्चे को तत्काल चिकित्सीय सहायता अपेक्षित है। अतः अस्पताल ले जाना ही सर्वाधिक उपयुक्त होगा।

**90.** (A) मण्डल के निर्णय से असहमत होने पर सदस्य द्वारा मण्डल के समक्ष अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करना अपेक्षित है। जबकि विरोध प्रकट करना या अस्वीकार करना नकारात्मक व्यवहार को प्रदर्शित करता है।

**91.** (A) सर्वश्रेष्ठ कार्य सबसे पहले इस बात को देखना है कि नीति अन्य लोगों के लिए परेशानी तो खड़ी नहीं कर रही है। यदि अन्य लोग भी समान अनुभूति कर रहे हैं, तो आप एक सभा आयोजित कर सकते हैं और उसके माध्यम से संस्थान के प्रमुख को अपने विचारों के बारे में बता सकते हैं।

**92.** (D) उक्त व्यक्ति आप पर जानबूझकर नहीं चिल्ला रहा है, इसलिए आपको उसकी प्रतिक्रिया नकारात्मक तरीके से नहीं लेनी चाहिए। आपसे जितना हो सके, आपको उसकी सहायता करने की कोशिश करनी चाहिए।

**93.** (A) इस तरह की स्थिति में, जितनी जल्दी सम्भव हो सके, बचाव कार्य शुरू कर देना ही सही कदम है ताकि अधिकतम जाने बचाई जा सकें। अतः विकल्प (A) सर्वश्रेष्ठ कार्य है। विकल्प (B), (C) तथा (D) के बाकी कार्य उसके बाद भी किए जा सकते हैं।

**94.** (A) एक प्रशासनिक सेवक होने के नाते आपका सबसे पहला और परम कर्त्तव्य लोगों की समस्याओं पर ध्यान देना और अपनी पूर्ण सामर्थ्यता से उन्हें सुलझाने का प्रयास करना है। आपको आम लोगों के प्रति अवश्य ही जवाबदेह और उत्तरदायी होना चाहिए। आप यहाँ लोगों के जीवन को आरामदायक/सुविधाजनक बनाने के लिए बैठे हैं। इसलिए यदि गाँव वाले किसी समस्या से जूझ रहे हैं, तो यह आपकी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि आपका कर्तव्य है कि जितनी जल्दी हो उन मामलों को सुलझाया जाए। अतः विकल्प (A) सर्वश्रेष्ठ कार्यवाही है। विकल्प (B) तथा (D) आपकी ओर से किया जाने वाला उपयुक्त कार्य नहीं है। आप अपना कार्य ग्रामीणों के जाने के बाद भी कर सकते हैं। विकल्प (C) भी उठाया जाने वाला सही कदम नहीं है।

**95.** (C) विकल्प (C) में बीडीओ ग्रामीणों की समस्याओं पर विचार भी कर रहा है और उन्हें आने वाली नई परियोजनाओं के विषय में सूचित भी कर रहा है इसलिए यह कार्यवाही किया जाने वाला सही कदम है। विकल्प (A) तथा (D) एक बीडीओ के लिए उचित नहीं है, क्योंकि उसे किसी भी तरह की परिस्थिति से निपटने में सक्षम होना चाहिए और परिस्थिति से भागना नहीं चाहिए। विकल्प (B) उसकी ओर से लिया गया एक कठोर निर्णय है।

## सामान्य अध्ययन

**96.** (B) चूँकि जाफर दिये गये सभी निर्देशों का पालन कर रहा है। अतः उम्मीदवार का चयन होना है।

**97.** (D) यह उपर्युक्त उपशर्त A का पालन कर रहा है। अतः उम्मीदवार का चयन होना है।

**98.** (C) जानकारी अपर्याप्त है।

**99.** (C) उम्मीदवार (संदीप) शर्त I को छोड़कर सभी शर्तों को पूरा करता है परन्तु उसके पास प्रधानाचार्य के रूप में 16 साल का अनुभव है अर्थात् वह उपशर्त A (i) को पूरा करता है। अतः उम्मीदवार के मामले को संस्थान के डीन के पास भेजा जाएगा।

**100.** (A) इस प्रश्न में उम्मीदवार का प्रधानाचार्य के रूप में स्पष्ट अनुभव नहीं बताया गया है। अतः प्रश्न में दी गयी जानकारी अपर्याप्त है।

■■